


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 315, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



**आज का मौसम** 35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 :15

अयोध्या, रविवार, 29 जून 2025

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

## पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में रहे शामिल

ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...। जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था।

## दिल्ली से पकड़े गए 18 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इनमें से पांच ट्रांसजेंडर के भेष में रह रहे थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपियों में से सात के फोन में प्रतिबंधित मैसेजिंग ऐप मिले हैं जिनके जरिए वे बांग्लादेश में अपने परिजनों से बात करते थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहली कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 100 झुग्गियों और 150 गलियों को घेर कर सत्यापन अभियान चलाया। एक व्यक्ति ने पूछताछ में बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूल कर ली। बाद में जांच के दौरान उसके परिवार के सदस्यों का भी पता लगाया गया।

# शुभांशु से बोले मोदी, आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ

### बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है, तब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।

पृथ्वी की 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहे आईएसएस पर मौजूद शुक्ला से बातचीत करते हुए मोदी ने कहा कि आपकी ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। यह नए युग का शुभारंभ है। शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन की उनकी यात्रा न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे राष्ट्र की सामूहिक उपलब्धि है।




ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

### चालक दल ने शोध के लिए शुरू की तैयारी

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में चार सदस्यीय चालक दल ने शोध अध्ययन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एक्सिओम स्पेस ने 27 जून को एक अपडेट में कहा कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़, उज़्नान्स्की-विस्निवेस्की और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू ने आईएसएस पर अपना पहला पूरा दिन पूरा किया, जो उड़ान के तीसरे दिन का अंत था। जब वे माइक्रोग्रैविटी में जीवन जीने के साथ तालमेल बिठाना जारी रख रहे थे, इस दौरान चालक दल मौजूद एक्सपीडिशन 73 चालक दल के साथ एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे।

## एक नजर

### सिमी के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन की मौत

**मुंबई।** प्रतिबंधित 'स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी और पुणे आईएसआईएस माड्यूल मामले में आरोपी साकिब नाचन की शनिवार को दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि साकिब (67) को कुछ दिन पहले मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हेमरेज) की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा इलाके के निवासी साकिब को चार दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एनआईए ने 2023 में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ की देशव्यापी कार्रवाई के दौरान पडघा में छापेमारी कर साकिब समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया था।

### चिकित्सक को डिजिटल अरेस्ट रख 3 करोड़ ठगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में साइबर अपराधियों ने धन शोधन घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगाकर 70 वर्षीय एक चिकित्सक को आठ दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर उससे तीन करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि मई में पीड़िता को फोन आया, कॉलर ने खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी अमित कुमार बताया। उसकी निजी जानकारी के साथ एक सिम कार्ड खरीदे जाने की बात कही। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति का फोन आया, फिर उसे आठ दिन डिजिटल अरेस्ट में रखा।

# माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

### इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?



दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यंमंत्री ने सम्मानित किया।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

# संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

### जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज जी की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज जी की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।




विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### सेवा और मानवता भारत का मूल भाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सेवा और मानवता इसकी मूल भावना के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब दुनिया ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने का मार्ग चुना था, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की ताकत से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा है। सेवा करने का हमारा तरीका बिना किसी शर्त के और स्वार्थ से परे है और परमार्थ से प्रेरित है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इन्हीं विचारों से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, जल जीवन मिशन हो, आयुष्मान भारत योजना हो या अन्य ऐसी कल्याणकारी योजनाएं,ये सभी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के प्रति सेवा की भावना को दर्शाती हैं।

## आंबेडकर ने सभी राज्यों के लिए की थी केवल एक संविधान की पैरोकारी

नागपुर, एजेंसी




- नागपुर में संविधान प्रस्तावना पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में बोले सीजेआई बीआर गवई
- बोले-अनु. 370 संबंधित फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने इसी दृष्टिकोण से ली प्रेरणा

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को एकजुट रखने के लिए एक ही संविधान रखे जाने की पैरोकारी की थी और कभी भी किसी राज्य के लिए अलग संविधान के विचार का समर्थन नहीं किया। यहां संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन के अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक संविधान के तहत अखंड भारत के डॉ. आंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा ली है।

प्रधान न्यायाधीश गवई तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थे, जिसने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। उन्होंने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब अनुच्छेद 370 को चुनौती दी गई थी, यह हमारे समक्ष आया था और जब सुनवाई जारी थी तो मुझे डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आए कि एक देश के लिए एक ही संविधान उपयुक्त है...अगर हम देश को एकजुट रखना चाहते हैं तो हमें केवल एक संविधान की आवश्यकता है। केंद्र ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

### संविधान के रूप में देश को दिया उपहार

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि प्रधान न्यायाधीश गवई ने संविधान प्रस्तावना पार्क का उद्घाटन किया और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा संविधान के रूप में डॉ. अंबेडकर द्वारा देश को दिया गया बहुमूल्य उपहार है। गडकरी ने कहा कि संविधान में लोकतंत्र के चार स्तंभों अर्थात कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और मीडिया के दायित्वों और अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि सीजेआई गवई भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रहे हैं।

## प्रदेश के पांच इंजीनियरिंग कॉलेजों के बदले गए नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल ने प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों का नाम महापुरुषों और देवी-देवियों के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। शनिवार को प्राविधिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। ये राजकीय इंजीनियरिंग कालेज प्रतापगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, गोंडा और मैनपुरी जिले में स्थित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए पूर्व में घोषणा की थी।

योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को एक नई दिशा देने की पहल करते हुए प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम देश के महान महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के नाम पर रखे हैं। यह केवल औपचारिक नामकरण नहीं, एक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उद्देश्य से प्रेरित बड़ा कदम है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को सामाजिक नेतृत्व की भी प्रेरणा मिलेगी।

### इन कॉलेजों को नया नाम

- भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़
- सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरजापुर
- भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती
- मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोंडा
- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी

## पैसों से खरीदी जा रहीं इंजीनियरिंग की सीट

- बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों पर ईडी का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों में 'प्रबंधन कोटा' के तहत छात्रों को दाखिला नकदी सहित धन लेकर अपारदर्शी तरीके से दिया जा रहा। संघीय जांच एजेंसी का यह बयान 25 और 26 जून को सीट घोटाला मामले में 17 स्थानों पर छापेमारी किए जाने के बाद आया है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिसरों के साथ-साथ इन संस्थानों से जुड़े लोगों पर की गई। शैक्षिक परामर्श सेवाओं में लगी कुछ संस्थाओं और कुछ निजी एजेंटों के परिसरों में भी छापेमारी की गई। ईडी का मामला इन कॉलेजों के खिलाफ केईए (कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण) द्वारा दर्ज कर्नाटक पुलिस की प्राथमिकी से उपजा है।

## अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत की फोरेंसिक जांच शुरू

मुंबई, एजेंसी



- हृदयाघात बताई जा रही वजह, कांटा लगा गाने से हुई थीं मशहूर

मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित 'गोल्डन राइज' में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात करके उनकी असामयिक मौत मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि जरीवाला को शुक्रवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शुरुआती रिपोर्ट में हालांकि हृदयाघात की बात कही गयी है, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम जांच के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में पुलिस ने कहा कि शेफाली जरीवाला (42) की मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, जांच और पोस्टमार्टम के नतीजे आने बाकी हैं। जरीवाला अपने पति पराग त्यागी के साथ अंधेरी स्थित पते पर रहती थीं।

**प्रकृति के रंग** गश्त के दौरान दिखने के बाद सजग हुआ दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से भी बनी उच्च स्तरीय टीम, लगाए गए कैमरे

# दुर्लभ लैपर्ड कैट का बढ़ा कुनबा, दुधवा में फिर दिखने लगी

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में इन दिनों दुर्लभ लैपर्ड कैट देखी जा रही है। इससे माना जा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ी है। अन्यथा, छिपकर रहने वाली लैपर्ड कैट आमतौर पर सामने नहीं आती। इससे दुधवा प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

दूसरी ओर इसके संरक्षण के लिए टीम गठित की गई है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों के भ्रमण के लिए 15 नवंबर से 15 जून तक सत्र चलाया जाता है। इसके बाद मानसून आने के कारण 16 जून से 14 नवंबर तक यह बंद रहता है। इस दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन कर्मियों की गश्त जारी रहती है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन ने बताया कि सैलानियों के लिए सत्र बंद होने के बाद वन कर्मियों को गश्त के दौरान दक्षिण सोनारीपुर और मूर्तिहा रेंज में कई बार दुर्लभ लैपर्ड कैट दिखाई दी। लैपर्ड कैट यानी स्माल कैट काफी समय बाद दिखाई देने से इसे अच्छा संयोग माना जा रहा है। इधर, बिल्ली परिवार की यह प्रजाति लगातार दिख रही है। वन कर्मियों की सूचना के बाद इस क्षेत्र में कैमरे लगाए गए हैं। इनमें भी लैपर्ड कैट की तस्वीर कैद हुई है। दुधवा प्रशासन उनकी नियमित मॉनीटरिंग कर रहा है।

- दिखने में तेंदुए के शावक जैसी इसलिए मिला यह नाम



दुधवा में लगे कैमरे में कैद हुई लैपर्ड कैट।

### दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली

वन्यजीव विशेषज्ञ जितेंद्र शुक्ला बताते हैं कि लैपर्ड कैट, जिसे वैज्ञानिक रूप से प्रियोनेलुरस बंगालेंसिस के रूप में जाना जाता है, यह दक्षिण और पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली एक छोटी जंगली बिल्ली है। इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा गंभीर खतरे में नहीं माना गया है।

### तेंदुए के शावक जैसी होती है लैपर्ड कैट

सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि दुधवा के जंगलों में लेपर्ड कैट काफी पहले से मौजूद है। हां, इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल है। एक लेपर्ड कैट लगभग तेंदुए के शावक के समान होती है। इसकी पहचान चेहरे से की जाती है। चूंकि यह छिपकर रहना पसंद करती है, इसलिए यह कम दिखाई देती है। इसे लेसर कैट की श्रेणी में रखा जाता है। इसके अंतर्गत फिशिंग कैट, लेपर्ड कैट और जंगल कैट आते हैं। लेपर्ड कैट आमतौर पर जंगल और घास के मैदानों में पाई जाती है, जबकि फिशिंग कैट जल स्रोतों के निकट ही दिखती है। जंगल कैट साखू के जंगल में अक्सर दिख जाती है। बिग कैट के अंतर्गत बाघ, शेर, तेंदुआ आदि आते हैं।

> दुधवा टाइगर रिजर्व के घने जंगल, बड़े-बड़े घास के मैदान और वातावरण लैपर्ड कैट्स के संवर्धन के लिए अनुकूल है। वहीं, लैपर्ड कैट के संरक्षण के लिए केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में ग्लोबल टाइगर फोरम, विश्व प्रकृति निधि को भी शामिल किया गया है। **-डॉ. एच राजामोहन,** फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

## सार-संक्षेप

### सनातन से प्रेरित फिरोज बन गया कृष्णा


फिरोज को टीका लगा व रामचरित मानस भेट कर हिंदू धर्म में शामिल कराते संत महंत।

**अयोध्या, अमृत विचार।** सनातन धर्म से प्रभावित होकर एक मुस्लिम युवक ने धर्म परिवर्तन कर हिंदू धर्म अपना लिया। वह अब कृष्णा यादव के नाम से जाना जाएगा। उसका कहना है कि उसने सनातन धर्म की खूबसूरती देख कर उसे अपनाया है। अंबेडकरनगर के मालीपुर निवासी फिरोज शुक्रवार को भरतकुंड स्थित एक मंदिर पर स्वेच्छा से पहुंचा। जहां स्नान आदि के बाद मंदिर में दाखिल हुआ। मंदिर के महंत परमात्मा दास व अन्य संतों ने उसे माला पहनाकर टीका लगाया व रामचरित मानस भेंट की। आचार्य राधेश्याम शुक्ला ने विधिवत पूजा-पाठ कराकर उसे हिंदू धर्म में शामिल कराया। पहले फिरोज अब कृष्णा अयोध्या के करमअली का पुरवा में किराए के मकान में रहता है, वह एक मिठाई की दुकान पर काम करता है। महंत परमात्मा दास ने बताया कि वह कई दिनों से हिंदू धर्म अपनाने की बात कह रहा था। उसे स्वेच्छा से सनातनी बनाया गया। कृष्णा ने कहा कि वह बेहद खुश है। पिछले कुछ समय से वह मन ही मन सनातन धर्म को अपनाने के लिए सोच रहा था। जब उसे लगा कि वह इसके बिना नहीं रह सका तो उसने इसे स्वीकार कर लिया है। कहा कि आज मेरी तमन्ना पूरी हो गई है।

### निविदा कर्मियों को हटाए जाने से बेहाल हुई बिजली व्यवस्था



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते निविदा संविदा कर्मचारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में गहराते बिजली संकट के लिए विद्युत मजदूर पंचायत ने मुख्य अभियंता वितरण द्वारा निविदा संविदा कर्मियों के निष्कसन को जिम्मेदार ठहराया है। विद्युत मजदूर पंचायत के प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा कि यदि निविदा संविदा कर्मियों को न हटाया जाता तो आज लोगों को बिजली संकट न झेलना पड़ता। मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहे धरने के 68 वें दिन शनिवार को अध्यक्ष जय गोविंद ने कहा कि धरना अनवरत चलेगा। धरने में नन्द यादव, सुशील, प्रदीप कुमार, उमेश, अंबरीश, आफताब सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मी मौजूद रहे।

### कृषि विवि में किसान भी अब कर सकेंगे नौका विहार


नौका विहार का आनंद उठाते विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में स्थापित मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण इकाई एवं तकनीकी पार्क परियोजना के तहत विकसित तालाब तैयार किया गया। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इसमें नौका विहार का उद्घाटन किया। कुलपति के द्वितीय कार्यकाल के सफलतम दो वर्ष पूर्ण करने पर सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। कुलपति ने कहा कि मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण इकाई का मुख्य कार्य कृषि उत्पादों को प्रसंस्कृत करना और उनका मूल्य संवर्धन करना है। यह इकाई किसानों को उनके उत्पादों का अधिक मूल्य प्राप्त करने में मदद करती है। नौका विहार के माध्यम से मानव स्वाथ्य के साथ-साथ कृषि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान केवीके के वैज्ञानिकों एवं अध्यक्षों के साथ कुलपति ने मासिक बैठक की। निदेशक प्रसार डॉ. रामबटुक सिंह ने अगले माह की कार्य योजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विवि के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, प्रसार निदेशालय के शिक्षक, कर्मचारी और 25 कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष मौजूद रहे।

### हर स्तर से कांग्रेस पार्टी को करें मजबूत : देवेंद्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी से आए कोऑर्डिनेटर देवेंद्र प्रताप पांडेय ने कहा कि कांग्रेस के फ्रंटल और सहयोगी संगठनों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोच के अनुरूप मजबूत किया जा सकता है। वह पार्टी कार्यालय पर फ्रंटल संगठन प्रकोष्ठों व विभाग के अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि वह 10 जुलाई तक 21-21 लोगों की कमेटी बनाकर प्रदेश कमेटी को भेजकर संगठन को आम आदमी के बीच गतिशील करें। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग की मदद से सभी आनुषंगिक संगठनों का गठन कर कर नई पहचान देने का काम करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, राम अनुज तिवारी, प्रवक्ता शीतला पाठक, रामसागर, राजकुमार, सुधीर, राम सजीवन, कमलेश आदि थे।

### जिला जज ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने शनिवार को सुधार-गृह अयोध्या में आधुनिक तकनीक युक्त पुस्तकालय का उद्धघाटन किया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर, वरिष्ठ अधीक्षक कारागार उदय प्रताप मिश्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जिला जज ने कहा कि इस आधुनिक पुस्तकालय से सुधार गृह में आए बच्चों को पढ़ाई की रुचि एवं ज्ञान वर्धन में लाभकारी होगा।

### सुविधाओं से वंचित बांसगांव के लोग, अनशन की चेतावनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली ब्लॉक के बांसगांव के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां विकास की किरण नहीं पहुंची। एआईसीसी व कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ल शनिवार को गांव पहुंचे थे। गांव के लोगों ने पीड़ा बताई तो उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। कहा कि यदि तीन महीने विकास कार्य शुरू न हुए तो गांव के लोगों के साथ आमरण अनशन शुरू करेंगे। लोहटी मजरे बासगांव में अधिकांश पिछड़े व दलित वर्ग के लोग रहते हैं। कांग्रेस नेता शुक्ल से गांव के सुभाष, कुंज बिहारी, घनश्याम गौतम, सोहन निषाद आदि ने बताया कि इस गांव में आने जाने के लिए रास्ता नहीं है। बिजली न होने से समस्याएं झेलनी पड़ती है। मोबाइल चार्ज करने के लिए गांव वालों को एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जानकी देवी व सुदामा देवी ने बताया कि गांव में एक भी शौचालय नहीं बना। जिला कांग्रेस महासचिव मुजतबा खां, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक रुदौलवी, अनमोल शुक्ला, गौरव शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अबू बकर खां, चंद्रकुमार कौशल, नदीम खां, शिवकुमार मौर्या आदि मौजूद थे।

### आरटीओ प्रशासन के साथ कई का सम्मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या की आरटीओ ऋतु सिंह सहित कई अन्य जिलों के आरटीओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने 25वीं राष्ट्रीय कार्यशाला पर सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम का लखनऊ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अयोध्या की आरटीओ के साथ बस्ती, लखनऊ और गोरखपुर के आरटीओ को सम्मानित किया गया।

# मोबाइल चोरी कर पैसा उड़ाने वाला गिरोह बेनकाब

**पांच सदस्यों में एक बाल अपचारी भी, 4.97 लाख नकद व 10 मोबाइल बरामद ▶ सभी आरोपी झारखंड प्रदेश के जामतारा जिले के निवासी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मोबाइल चोरी कर गूगल के माध्यम से यूपीआई बनाकर खाते से पैसा निकालने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक बाल अपचारी भी है। इनके पास से 4.97 लाख नकद व 10 मोबाइल बरामद हुये हैं। सभी आरोपी झारखंड प्रदेश के साइबर क्राइम के लिए बदनाम जामतारा जिले के रहने वाले हैं, जो काफी दिनों से अयोध्या व आसपास के जिलों में वारदात कर रहे थे।


पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मोबाइल चोरी का खुलासा करते एसएसपी गौरव ग्रोवर।

पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को इसका खुलासा करते हुए बताया कि जिले में मोबाइल चोरी व इससे साइबर क्राइम से संबंधित 207 मुकदमें दर्ज हैं। इसकी जांच व आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम लगाई गई थी। जांच कर रही अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा, सर्विलांस सेल प्रभारी अमरेश त्रिपाठी की टीम को शनिवार सुबह इससे संबंधित पांच आरोपियों को बालू घाट सरयू पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान छोटू महतो (35) निवासी बाबूपुर थाना तीनपहाड़ जिला साहबगंज झारखंड, बंटी मंडल (28) निवासी बाबूपुर नया टोला सेन्टर थाना तीनपहाड़ जिला साहबगंज झारखण्ड, संतोष मण्डल (32) निवासी रामपुर माधोपुर थाना करमाटांड जिला जामतारा झारखण्ड, राहुल मण्डल (23) निवासी खरबनी थाना नरायनपुर जनपद जामतारा झारखण्ड व एक बाल अपचारी के रूप में हुई।

एसएसपी ने बताया कि यह सभी अयोध्या के प्रमुख चौराहे व बाजार शंकरगढ, महोबरा, गद्दोपुर, कुचेरा बाजार, नयाघाट समेत अन्य भीड़भाड़ वाले इलाके में मोबाइल चोरी करते थे। इस गिरोह में दो तरह के लोग हैं।एक चोरी करता तो दूसरा साइबर क्राइम को अंजाम देता है, जो जामतारा से वारदात करता था। चोरी किए मोबाइल से साइबर क्राइम में दक्ष आरोपियों द्वारा मोबाइल धारक का गूगल के माध्यम से यूपीआई बनाकर, उसके खाते से पैसे निकाल लेते थे। इसके बाद इसका उपयोग अन्य साइबर क्राइम के लिए किया जाता था। अंत में इसे किसी को कम दामों में बेच दिया जाता था। एसएसपी के अनुसार इस गिरोह ने अयोध्या जनपद से करीब 20 लाख रुपये का साइबर क्राइम किया था। बताया कि आरोपियों के पास से 4.97 लाख रुपये, चोरी के 10 मोबाइल बरामद हुए हैं। इनके बारे में अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

## भीषण गर्मी में राहत की जरूरत तो सरकार कर रही बिजली कटौती : अवधेश प्रसाद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** इस भीषण गर्मी में जब लोगों को राहत की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब प्रदेश बिजली संकट से जूझ रहा है। गांवों और शहरों में बिजली की जबरदस्त कटौती हो रही है। किसानों की धान की नर्सरी तैयार है, लेकिन बिजली-पानी के अभाव में रोपाई नहीं हो पा रही। यह बातें सांसद अवधेश प्रसाद ने शनिवार को कहीं।

**▸▸ सांसद ने विद्युत कटौती, कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा**

वह सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके सहयोगी संगठन संविधान के कुछ हिस्सों को हटाना चाहते हैं। यह सरकार लोकतंत्र में नहीं, मनुवादी सोच में विश्वास करती है। हम समाजवादी किसी भी सूरत में संविधान से छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। कहा कि आज अयोध्या समेत प्रदेश में हत्याएं,


पत्रकारों से बातचीत करते सांसद अवधेश प्रसाद।

बलात्कार जैसी घटना अब आम हो गई हैं। अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, जबकि सरकार तमाशबीन बनी हुई है। उन्होंने इटावा कथावाचक घटना पर कहा कि भाजपा का असली चेहरा सामने आ चुका है। ये लोग कहते हैं सबका साथ, सबका विकास, लेकिन व्यवहार में जाति विशेष को निशाना बनाकर बुलडोजर चलवाए जा रहे हैं। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के घर तोड़े जा रहे हैं। भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है, जबकि सपा जोड़ने का। कहा कि भाजपा को सिर्फ चुनाव जीतने की चिंता है, जनहित से उसका कोई लेना-देना नहीं।

### धोखाधड़ी के आरोप में ट्रैक्टर डीलर पर केस

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार:** पटरंगा थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक ट्रैक्टर डीलर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में राजकुमार ने बताया कि उन्होंने 2018-19 में पूरे गड़रिया निवासी अवनीश तिवारी से एक नया ट्रैक्टर खरीदा था। दो साल पहले ट्रैक्टर की सभी किस्तें जमा कर दी गईं। इसके बाद भी डीलर ने आरसी नहीं दी। गत दिवस पटरंगा मंडी के पास जब राजकुमार ने आरसी मांगी तो डीलर ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी के पास पहुंचा आंगनबाड़ी में नियुक्ति का मामला

पूरा बाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंगौली में सास-बहू की आंगनबाड़ी केंद्र पर की गई नियुक्त का मामला अब जिलाधिकारी के पास पहुंच गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर शाम्भवी सिंह पत्नी राहुल सिंह के चयन की वैधता विषयक प्रकरण जिलाधिकारी के आदेशार्थ प्रस्तुत है। संपूर्ण प्रकरण नीतिगत विषयक है।

ग्राम पंचायत गंगौली में परिवार रजिस्टर के जरिए सास के साथ

**▸▸ जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भेजा एडीएम प्रशासन को भेजा पत्र**

आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रुप में बहू शाम्भवी सिंह की नियुक्ति का आधार तैयार किया गया। इसकी शिकायत गांव के ही भरत पाठक ने की थी। तमाम जांच के बाद अब पूरा मामला जिला मुख्यालय पहुंच गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन नोडल अधिकारी आरजीआरएस को 26 जून को पत्र भेजा। इस पत्र के बाद जिलाधिकारी से इसे लेकर फैसला लिया जा सकता है। इस खेल में सचिव की भूमिका को भी संदिग्ध होने की चर्चा आम है। पूरे मामले में खंड विकास अधिकारी पहले ही अपनी जांच रिपोर्ट भेज चुके हैं।

### अनियंत्रित होकर पलटी एसयूवी दो लोगों की मौत, तीन गंभीर

**सोहावल, अयोध्या/अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चिर्रा गांव के पास शनिवार की सुबह करीब नौ बजे एक एसयूवी अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में दो लोग की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। सभी अयोध्या से लखनऊ जा रहे थे। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि गंभीर रूप से सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एसयूवी से बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने अजीत मझवार पुत्र संजय मझवार निवासी कंधरपुर थाना राम जन्मभूमि व एक अन्य को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल अरुण कुमार निवासी राजगढ़ व दो अन्य को मेडिकल कालेज दर्शननगर रेफर किया। अरुण की हालत में सुधार न होते उसे देखकर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। बताया कि एक मृतक तथा दो अन्य घायलों के नाम व पते की जानकारी नहीं हो सकी।

## टावर पर चढ़ने वाले किसान का रकबा पूरा

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरई कला निवासी लोनिवि के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंद्रशेखर यादव की जमीन पूरी कर दी गई। अगल-बगल की नाली और चकरोड से जमीन को पूरा किया गया। फिलहाल प्रकरण का पटाक्षेप हो गया।

बता दें कि अपने चक की जमीन पूरा कराने के लिए शुक्रवार को चंद्रशेखर ने टावर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा किया था। सीआरओ की अध्यक्षता में गठित की गई तहसील सदर के राजस्व टीम की दो दिन तक चली पैमाइश के

**फॉलोअप**

**▸▸ अगल-बगल की नाली और चकरोड से जमीन को किया गया पूरा**

बाद किसान के खेत की अगल-बगल की नाली और चक मार्ग को जुताई कर रकबा पूरा करा दिया गया।

बताया गया है कि चक का करीब सात बिस्वा रकबा पूरा करने के लिए वह बार-बार टावर पर चढ़ रहा था। राजस्व टीम ने शनिवार को भी पैमाइश की। अंततः यह निर्णय लिया की गाटा संख्या 55, 56, 57 से जुड़े किसान चंद्रशेखर यादव, लाल बहादुर, शिव शरण तिवारी आदि के बीच कम हो रहे 52 एयर भूमि की पूर्ति दोनों ओर बने चकमार्ग को काटकर पूरा किया जाए। इसके अतिरिक्त राजस्व टीम के पास और कोई विकल्प निकल ही नहीं है।

सीआरओ के नेतृत्व में सदर तहसील की गठित राजस्व टीम में एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी, नायब तहसीलदार डीपी शुक्ला, चकबंदी कानूनगो पैमाइश के लिए मौके पर जमे रहे। भारी पुलिस बल, राजस्व निरीक्षक, लेखपालों की मौजूदगी में चली इस भूमि पैमाईश को लेकर मुख्य राजस्व अधिकारी एस के त्रिपाठी ने बताया मामले का पटाक्षेप हो गया। अब कोई शिकायत नहीं रह गई है।



### पुराय में मुख्य मार्ग पर जलभराव, ग्रामीण परेशान

**मवई, अमृत विचार :** रुदौली ब्लॉक के पुराय गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। दो माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने बीडीओ अमित त्रिपाठी को समाधान का निर्देश दिया था। ग्रामीण अनूप कुमार यादव, राम सूरत रावत, विजय प्रकाश तिवारी, राजेश तिवारी, मदन मोहन तिवारी ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को होती है। रुदौली ब्लॉक के बीडीओ अमित त्रिपाठी ने कहा है कि जल्द ही इसका समाधान कराएंगे।

## मौके पर पहुंच निस्तारित कराई सीएम हेल्प लाइन की शिकायत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उप जिलाधिकारी रुदौली अशोक कुमार सैनी ने पुलिस बल के साथ तहसील रुदौली के शाहपुर गांव में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए स्थलीय निरीक्षण किया।

शिकायतकर्ता राम संजीवन ने गांव की आबादी के बीच में गोबर, कूड़ा, पॉलीथीन में बांधकर कचड़ा आदि बड़ी मात्रा में स्थल पर एकत्रित किए जाने की शिकायत की थी। कहा था कि यह गांव के लोगों के लिए दुर्गंध तथा बीमारी का एक बड़ा कारण है। इसे हटवाए जाने की मांग की थी। स्थलीय निरीक्षण में मिला कि भूमि विवाद के चलते कूड़ा हटाने नहीं दिया जा रहा है। उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने पक्षकारों को समझाया कि इस कूड़े के कारण दुर्गंध एवं बीमारियां बढ़ सकती हैं जिसका प्रभाव स्थानीय लोगों पर होगा। इस पर स्थानीय लोगों ने सहमति प्रदान करते हुए कूड़े को हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। शिकायतकर्ता की शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
• BBA (Finance & Taxation) • B.Com (H)
• BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
• MBA • M.Com. • MCA
• MPH • MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
• BA (Mass Comm.) • BA (Journalism)
PG Programs
• MA (Mass Comm) • MA (Journalism)
• MA (English) • MA (Psychology)
• MA (Sociology) • MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं
स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास"
••• भी है।•••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम



24 घंटे में बादल छाए रहने एवं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- सभी सीएचसी-पीएचसी पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेला सुबह 09 :00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में ललित कला विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन सुबह 10 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- गुदड़ी बाज़ार खजूर की मस्जिद से घंटाघर होते हुए रिकाबगंज जाएगा रात 8 :30 बजे से।

## जांच टीम को रोजाना झांसा दे रहा डोनर आकाश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** खून के काले धंधे में संलिप्त लोगों की जांच कर रही जिला अस्पताल की कमेटी के हाथ अभी कुछ भी नहीं लगा है। डोनर आकाश को अपना बयान दर्ज कराने के लिए रजिस्ट्री से पत्र भेजा गया था। कई बार फोन कर बुलाया गया, लेकिन वह जांच टीम को रोजाना झांसा दे रहा है। इस कारण जांच अब फंस गई है। मवई के अरविंद की भाभी रीना को सात हजार रुपये में खून देने के मामले में सोहावल के आकाश का नाम सामने आया था। इसके बाद जिला अस्पताल की ओर से तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठित की गई। मामले में अरविंद ने लिखित बयान दर्ज करा दिया था, लेकिन रक्तदान करने वाला आकाश अभी बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचा। जांच टीम के सदस्य व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने कहा कि विवेचना अधिकारी ने आकाश को फोन किया था। उसने मंगलवार को बयान दर्ज कराने को कहा लेकिन नहीं आया। इस कारण जांच रुकी है।

**लाला खून का काला धंधा**

# रीडगंज में 300 बेड के अस्पताल निर्माण को 48 करोड़ मिले

### 1.63 अरब से बनेगा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, भूमि हस्तांतरित
### 12798 वर्ग मीटर में जल्द शुरू होगी निर्माण की प्रक्रिया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। रीडगंज में सीतापुर आंख अस्पताल की जगह 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निर्माण के प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। ईपीसी मोड पर नागर शैली में बनने वाले इस अस्पताल के लिए शासन ने 48 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। सब कुछ ठीक रहा तो अगले कुछ महीनों में ही 12,798 वर्ग मीटर में निर्माण की प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा।

राम मंदिर निर्माण के बाद से अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। उनके स्वास्थ्य की चिता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में एक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निर्माण करने का आदेश दिया था। उसके बाद जगह तलाशने में जुटे जिला प्रशासन ने रामपथ पर स्थित रीडगंज चौराहे पर खंडहर हो चुके सीतापुर आंख अस्पताल की भूमि को चिह्नित किया था। डीपीआर शासन को भेजी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी थी। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भी कराई, शुक्रवार को शासनादेश जारी हो गया।

प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव आनंद कुमार राय ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र भी जारी किया है। इसमें चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अपनी भूमिका निभाएगा। कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 को चयनित किया गया है।

### 'अमृत विचार' ने सबसे पहले प्रकाशित की थी खबर

300 बेड के अस्पताल निर्माण की खबर सबसे पहले 'अमृत विचार' ने प्रकाशित की थी। उसी दौरान बता दिया गया था कि सीतापुर आंख अस्पताल की जगह पर नए हॉस्पिटल का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही अस्पताल की दोनों साइट के बारे में विस्तार से वर्णन भी किया था। दूसरी साइट में 22 बेड क्षमता के नर्स हॉस्टल, टाइप-2 के 36, टाइप-3 के 4, चिकित्साधिकारी के लिए टाइप-4 के 20, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के लिए टाइप-5 के 4 आवासों का निर्माण कार्य होना है।



28 मार्च को प्रकाशित समाचार की पीडीएफ।

> हाल ही में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के साथ सीतापुर नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। बहुत जल्द ही आपको काम शुरू होते दिखाई पड़ेगा। -डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ, अयोध्या।

> शहर में सीतापुर आंख अस्पताल पर 300 शैय्या अस्पताल की शासन से स्वीकृति मिल गई है। जमीन का हस्तांतरण हो गया है। 48 करोड़ रुपये की भी स्वीकृति शासन ने कर दी है। अब निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। -इं. उमेश चंद्र, अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड-2, लोक निर्माण विभाग।

# चार उपकेंद्रों के 150 इलाकों में 12 घंटे रहा ब्लैक आउट

### दर्शननगर के 220 केवीए ट्रांसमिशन से आई 33 हजार की लाइन का दगा था केबल

**2.50 लाख से अधिक की आबादी ने झेला संकट**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से लेकर रात 2 बजे तक नगर के चार उपकेंद्रों के 150 से अधिक इलाकों में अभूतपूर्व ब्लैक आउट रहा। दर्शननगर के 220 केवीए ट्रांसमिशन केंद्र से चौक विद्युत उप केन्द्र को आई 33 हजार लाइन का मलिकपुर के पास केबल दगने से यह संकट हुआ। इससे इन उपकेंद्रों से जुड़ी 2.50 लाख से अधिक आबादी को गर्मी और उमस के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस ब्लैक आउट के दौरान अवर अभियंताओं से लेकर एक्सीईएन तक के मोबाइल स्विच ऑफ रहे। उपकेंद्रों के कर्मियों ने भी शिकायत नंबरों को बंद कर दिया था। जिसके चलते लोगों को इस बात की भी जानकारी नहीं मिल पाई कि बिजली क्यों गुल है? कब तक आपूर्ति सुचारू होगी?।

अप्रैल के 30 दिन, मई के 31 दिन और जून के 27 वें दिन यानि कुल 88 दिनों बाद शुक्रवार को पॉवर कॉर्पोरेशन के सुचारू विद्युत आपूर्ति के तमाम दावों की धज्जियां उड़ा गईं। केबल के दगने के बाद चौक, लालबाग, अंजनीपुरम और देवकाली उपकेंद्रों को दी जाने वाली आपूर्ति ठप हो गई। दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक अभियंताओं को केबल दगने की जानकारी तक नहीं हुई। दर्शननगर से पूछने पर बताया गया कि तकनीकी दिक्कत है। इसके बाद तीन से चार बार आपूर्ति बहाली के लिए लाइन चालू कि गई तो हर बार इन उपकेंद्रों के सभी फीडर ट्रिप करते रहे। इसके बाद शाम करीब छह बजे अयोध्या से फाल्ट लोकेटर मशीन मंगाई गई। मशीन आने में ही एक घंटे से अधिक लग गया। इस दौरान दोपहर तीन बजे से गई बिजली को लेकर उपभोक्ताओं को लोकल फाल्ट का झांसा दिया जाता रहा। सात बजे के बाद फाल्ट लोकेटर मशीन के साथ चारों उप केन्द्रों के अवर अभियंता और लाइन मैन चौक से दर्शननगर 33 हजार की लाइन की कॉम्बिंग पर निकले, रात नौ बजे फाल्ट का पता चला। इसके बाद दगे केबल को ठीक करने का काम शुरू किया गया। कुछ इलाकों में रात 12 बजे आपूर्ति आई लेकिन 20 मिनट बाद फिर ठप हो गई। काफी मशक्कत के बाद रात दो बजे के बाद इन उपकेंद्रों की आपूर्ति बहाल हुई। इन 12 घंटों के दौरान 2.50 लाख से अधिक लोग गर्मी व उमस से परेशान सड़कों, घरों की छतों या पार्क में समय बिताते रहे।

यही नहीं शनिवार सुबह भी यही हाल रहा। चौक में सुबह आठ बजे ट्रिप हुई तो नौ बजे आई जबकि लालबाग में नौ बजे गुल हुई तो दोपहर 12 बजे आई। जबकि अंजनीपुरम में आपूर्ति शनिवार को सुबह से दोपहर तक सामान्य रही।





अंजनीपुरम विद्युत उप केन्द्र पर रात में मोबाइल की रोशनी में काम करते बिजली कर्मी एवं 33 हजार लाइन में खराबी से शुक्रवार रात लालबाग विद्युत उप केन्द्र अंधेरे में।



मक्खापुर गई 11 हजार लाइन पर लिपटे झाड़-झंखाड़ निकालते कर्मी।

### बिजली गुल होते ही जिम्मेदारों के मोबाइल हो जाते हैं स्विच ऑफ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट आदेश है कि सभी विभागों के अधिकारी अपना सीयूजी मोबाइल हमेशा ऑन रखेंगे और आने वाली हर कॉल रिसीव करेंगे लेकिन पॉवर कॉर्पोरेशन के जिम्मेदार इस आदेश की अनदेखी और अवहेलना दोनों कर रहे हैं। जिले में शुक्रवार को जब बिजली आपूर्ति ठप हुई तो चौक, लालबाग, अंजनीपुरम और देवकाली के अवर अभियंता के मोबाइल बंद मिले। एसडीओ को कॉल की गई तो घंटी जाती रही लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई, यह अलग बात है कि मैसेज आया 'आई कॉल यू लेटर' लेकिन शनिवार दोपहर तक पलट कर फोन नहीं आया। एक्सीईन मनीष चौबे को रात 11 बजे फोन मिलाया गया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद रात 12 :30 पर फिर कॉल की गई तो कॉल रिसीव हुई, बोले किस इलाके की समस्या है बताइए एसडीओ से कहता हूं। उपभोक्ता हसन रजा ने बताया कि सबके फोन बंद मिले। चौक के शिकायत नंबर तो तत्काल बंद हो गए। अंजनीपुरम विद्युत उप केन्द्र का सीयूजी नंबर रात 12 बजे तक बिजी बताता रहा। इसे लेकर एक अवर अभियन्ता का तर्क भी गजब का रहा, बोले क्या करें मोबाइल बंद न करें तो कहां तक जवाब देते रहें।

### यह हाल तब जब अनुरक्षण के नाम पर खर्च हुए हैं 50 लाख

पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा अप्रैल से लेकर मई तक लाइनों और उपकेंद्रों के अनुरक्षण के नाम पर 50 लाख से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। अभी भी एबीसी केबल बदलने का काम चल रहा है। लाख टके का सवाल यह है कि अब तक खर्च किए गए रुपयों का जनता को लाभ क्या मिला। कौशलपुरी में एबीसी केबल तीन बार जली। चौक के ठठरिया में जली। इतना ही नहीं अनुरक्षण के बाद से ही 50 से अधिक एबीसी केबल जल चुकी है और 500 से अधिक ट्रांसफार्मर दग चुके हैं। विद्युत उप केन्द्रों के फीडरों में खराबी आ चुकी है। हालांकि इसे लेकर पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारी कोई सीधा जवाब नहीं देते। तकनीकी खराबी बता कर पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

बिजली गुल होने पर फोन रिसीव न करने पर अमानीगंज विद्युत उप केन्द्र पहुंचे उपभोक्ता।



**इन विद्युत उपकेन्द्र के लोगों ने झेला संकट**

| लालबाग | चौक | अंजनीपुरम | देवकाली |
|---|---|---|---|
| 11,000 कनेक्शन | 14,000 कनेक्शन | 3,500 कनेक्शन | 12,000 कनेक्शन |
| 44,000 आबादी | 70,000 आबादी | 14,000 आबादी | 60,000 आबादी |
| 10 घंटे बिजली गुल | 12 घंटे बिजली गुल | 10 घंटे बिजली बंद | 10 घंटे बिजली गुल |

## नियावां विद्युत उप केन्द्र के इलाकों में बिजली संकट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर के नियावां विद्युत उप केन्द्र के कई इलाके में शनिवार को सुबह से दोपहर बाद तक बिजली संकट छाया हुआ है। कैंट क्षेत्र के नियावां ,ककरही बाजार, बेगमगंज, रेतिया आदि स्थानों पर हो रही बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित हुआ है। गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। छोटे बच्चों व बुजुर्ग की हालत ज्यादा बुरी रही। लोगों ने बताया कि सुबह से लाइट का आना जाना लगा हुआ है। एक घंटे भी सुचारू आपूर्ति नहीं हो रही है।



चीफ इंजीनियर को निर्देशित किया गया है कि बिजली आपूर्ति की जहां भी जो समस्या आ रही है उसकी निगरानी और निस्तारण कराए। यदि कोई लापरवाही करता है तो कार्रवाई करें। 33 केवीए में शुक्रवार रात जो दिक्कत आई उसे लेकर तत्काल उच्चाधिकारियों को फोन कर निस्तारण कराया गया। जनता को सुचारू रूप से बिजली मिले यह सरकार की प्राथमिकता है। **-वेद प्रकाश गुप्ता, नगर विधायक।**

> दर्शननगर से आई 33 हजार लाइन में शुक्रवार को फाल्ट आ गया था। इसलिए कई उप केन्द्रों की आपूर्ति प्रभावित हुई। पूरी टीम लगाकर जल्द से जल्द आपूर्ति सुचारू कराई गई। मोबाइल बंद होने की जानकारी नहीं है, मेरा ऑन रहता है। **-मनीष चौबे, अधिशासी अभियंता।**

## एक नजर

### आज आएंगे अपर मुख्य सचिव

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग और महानिदेशक उपाम एल. वेंकटेश्वर लू 29 जून को अयोध्या आएंगे। इस दौरान वह कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे। संगोष्ठी कार्यक्रम 29 जून को 10 बजे मंडलायुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित होगी। यह जानकारी कमिश्नर गौरव दयाल ने दी।

### युवक ने हाथ की नस काटकर की आत्महत्या

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत चूड़ामणि चौराहे के पास किराए के मकान में रहने वाले राजेश सिंह (35) निवासी गाजीपुर ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतक व उसके कुछ अन्य साथी फेरी लगाकर सामान बेचते हैं। साथी धर्मवीर सिंह निवासी गाजीपुर ने बताया कि उसकी पत्नी एक जून को मायके गई थी, कमरे में वह अकेला था। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# राम मंदिर की खिड़कियों पर लगेंगी टाइटेनियम की जाली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर देश के पहले ऐसे मंदिर में शुमार होगा, जहां खिड़कियों पर टाइटेनियम की जाली लगाई जाएगी। मंदिर के भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल पर कुल मिलाकर 32 खिड़कियां तैयार की जा रही हैं। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन धातु की बनी जली को लगाए जाने का ट्रायल किया गया। ट्रस्ट ने स्वीकृति दे दी है।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दावा किया कि टाइटेनियम धातु की जाली का जीवन एक हजार वर्ष से भी अधिक होता है। केंद्र सरकार के एक उपक्रम मिश्र धातु निगम लिमिटेड ने इसे तैयार किया है। आगामी 15 अगस्त तक सभी जालियों को बनाकर मंदिर में लगा दिया जाएगा। मंदिर और परकोटा में यह सभी कार्य अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की प्रारंभिक स्थिति पर भी चर्चा हुई। अनुमान है कि मंदिर और परकोटा में लगभग 14 लाख क्यूबिक फीट पत्थर लगाए जाने हैं, जिसमें अब एक लाख पत्थर लगाए जाने का कार्य शेष है। कहा कि लोवर प्लिंथ पर रामकथा के म्यूरल लगाए जाने हैं, जिसकी कुल लंबाई लगभग 800 फीट है। 500 फीट पर म्यूरल लगाए जा चुके हैं। वहीं बताया कि राम जन्मभूमि पर जिस स्थान पर रामलला टेंट में विराजमान थे। उस स्थान पर एक एक अस्थाई मंदिर बनाया जायेगा। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि इस स्थान पर कार्य प्रारंभ हो गया है।



राम मंदिर में चल रहा निर्माण कार्य।

**मंदिर निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन हुआ ट्रायल**

### फेज टू के कार्य प्रगति पर मंथन : चंपत राय

निर्माण समिति की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस समय कार्य की पूर्णता ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। पूरी उम्मीद है कि परकोटा मंदिर के बीच का कोर्ट यार्ड अपने निर्धारित समय पर तैयार हो जाएगा। फेज 2 में ट्रस्ट भवन, सभागार, विश्राम गृह, द्वार और मंदिर परिसर के चारों तरफ 4 किलोमीटर लंबा दीवार बनने में थोड़ा समय और लगेगा। परिसर में 30 स्थान पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की तैयारी की जानी है। 25 प्लांट लगभग तैयार हो गया है। लगभग 10 एकड़ में पंचवटी बन रही है। वृक्षों की भरमार होगी।

# पत्नी की ईंट से कूचकर की हत्या

मिल्कीपुर, अयोध्या।

- थाना इनायतनगर के ग्राम मुकीमपुर स्थित केवटहिया मोहल्ले की घटना, पति फरार
- चार साल पहले दोनों ने की थी लव मैरिज, बेड पर मिली खून से सनी ईंट

**अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के शाहगंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मुकीमपुर स्थित केवटहिया मोहल्ले में शनिवार की शाम पति ने अपनी पत्नी के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी। दोनों का चार साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। कुछ ही वर्षों के बाद दोनों में आपसी विवाद होने लगा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतका की पहचान वर्षा निषाद (28) के रूप में हुई है, जिसने चार साल पहले समाज के विरोध के बावजूद शाहगंज निवासी सूबेदार निषाद से प्रेम विवाह किया था। उनका एक छोटा बेटा भी है। ग्राम प्रधान लल्लन दुबे ने बताया कि शनिवार की शाम लगभग चार बजे किसी ग्रामीण ने फोन पर सूचना दी कि सूबेदार ने अपनी पत्नी पर ईंट से हमलाकर मरणासन्न कर दिया है। मौके पर वह पहुंचे तो वर्षा की सांसें चल रही थीं। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी व एंबुलेंस बुलवाकर महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बलवंत चौधरी, मिल्कीपुर क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। सीओ ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक मृतका के मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपी पति फरार है।

### पति-पत्नी में चल रहा था विवाद

स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई महीनों से वर्षा और सूबेदार के बीच वैचारिक मतभेद और पारिवारिक कलह चल रही थी। आए दिन झगड़े की आवाजें मोहल्ले में सुनी जाती थीं। प्रारंभिक जांच में भी घरेलू विवाद के चलते हत्या की बात सामने आ रही है। शनिवार सुबह से ही दोनों में विवाद चल रहा था। शाम को सूबेदार घर लौटकर आया तो फिर से विवाद होने लगा था।

**परिवहन निगम** | बालू घाट पर बनेगा अस्थाई बस स्टेशन

# सावन झूला मेले में 120 स्पेशल बसों का होगा संचालन

अयोध्या, कार्यालय।

**अमृत विचार :** सावन झूला मेला के प्रमुख पर्व व तिथियों पर 120 मेला स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए बालू घाट ओवरब्रिज के नीचे अस्थायी बस स्टेशन बनाया जाएगा। अयोध्या डिपो के एआरएम आदित्य प्रकाश को मेलाधिकारी बनाया गया है।

इस वर्ष सावन झूला मेला की शुरूआत 27 जुलाई से होगी, समापन 9 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पर होगा। इस मेले में बस्ती, गोंडा, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बहराइच, बलरामपुर, सुलतानपुर, बाराबंकी समेत आसपास के अन्य जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धाल अयोध्या आते हैं। मेला अवधि के लिए परिवहन निगम ने बालू घाट पर बनने वाले अस्थायी बस स्टेशन को 120 बसों का आवंटन किया है। इनमें से अयोध्या डिपो की 20 बस गोंडा को, 10 बलरामपुर, 15 गोरखपुर को दी गई हैं। बहराइच पांच बसें सुलतानपुर डिपो की, बस्ती को 10, अकबरपुर को 20, जहागीरगंज को अकबरपुर डिपो से पांच, सुलतानपुर डिपो को 20, जगदीशपुर को अमेठी डिपो से पांच, बाराबंकी डिपो को अयोध्या की पांच व टांडा को अकबरपुर डिपो की पांच बसों का आवंटन किया गया है। मेला अवधि के दौरान इन बसों का संबंधित बस स्टेशन से बालू घाट अस्थायी बस स्टेशन तक नियमित आवागमन होगा। इसके अलावा आसपास के जिलों के सभी डिपो से वार्ता कर श्रद्धालुओं की मांग के अनुरूप और अतिरिक्त बसों का संचालन करने का निर्देश दिया है।

**एआरएम अयोध्या को बनाया गया मेलाधिकारी**



> अस्थायी बस स्टेशन पर बसों की पार्किंग आदि के लिए स्टाफ की तैनाती की जाएगी। फोरलेन पुल के पास भी कर्मियों को तैनात किया जाएगा। गोरखपुर व देवीपाटन परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक से वार्ता कर अपने-अपने क्षेत्र से अयोध्या के लिए बसों का संचालन करने व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया है। - **विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन**

### त्रयोदशी पर बंद रहेगा हाईवे, नहीं बाधित होगा बसों का संचालन

श्रावण मास की त्रयोदशी 6 अगस्त को बस्ती, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर, बाराबंकी, अमेठी व रायबरेली जिलो से लाखों के संख्या में कांवरिए अयोध्या आते हैं। वह सरयू जल लेकर अपने जिलों में जाकर परंपरागत रुप से भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं। भीड़ के चलते लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को करीब चार दिन तक बंद किर वाहनों का डायवर्जन किया जाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि इस अवधि में भी बसों के संचालन में बाधा न आए, इसका प्रयास किया जा रहा है।

**यह हैं मेले की प्रमुख पर्व**

- मणि पर्वत मेला-27 जुलाई।
- नाग पंचमी-29 जुलाई।
- श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन-9 अगस्त।

### श्रद्धालुओं से अवैध पार्किंग शुल्क लिए जाने का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण रानू ने अयोध्या में श्रद्धालुओं से अवैध पार्किंग शुल्क वसूली लिए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर इसे बंद कराने की मांग की है। कहा कि यदि इसे न रोका गया तो जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। जारी बयान में कहा कि अयोध्या, एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विश्वविख्यात है। प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन नगर क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली से आम जनमानस को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। कई स्थानों पर सौ रूपये की एकमुश्त पार्किंग वसूली ली जा रही है। कहा कि नगर निगम व अयोध्या प्रशासन आमजन को राहत देने की दिशा में शीघ्र पहल करे। चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र संज्ञान नहीं लिया तो जन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।



# राज्य कर में अधिक योगदान देने वाले व्यापारियों का हुआ सम्मान

अयोध्या कार्यालय


सर्किट हाउस के सभागार में व्यापारी को सम्मानित करते सांसद अवधेश प्रसाद व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

**अमृत विचार:** सर्किट हाउस के सभागार में दानवीर भामाशाह की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को सुना गया। राज्य कर विभाग में अधिक योगदान देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में दानवीर भामाशाह के योगदान को सराहा। कहा कि दानवीर भामाशाह एक कुशल योद्धा, प्रसिद्ध सेनापति और महाराणा प्रताप के विशेष सहयोगी थे। सांसद अवधेश प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रुदौली

**श्रद्धा के साथ आयोजित की गई दानवीर भामाशाह की जयंती**

रामचन्द्र यादव, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने जिले में राज्य कर में अधिक योगदान देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया। इनमें मेसर्स अमृत बाटलर्स प्रा.लि., मेसर्स अमित मोटर्स प्रा.लि., मेसर्स चन्द्रा आटो मोबाइल, कल्याण गार्निटो इंडिया प्रा. लि. व सरदार आटो इंजीनियरिंग शामिल रहे। सांस्कृतिक विभाग की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-एक राज्य कर अयोध्या जोन संतोष कुमार सहित राज्य कर अयोध्या के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सुमित कुमार होंगे आईआईए अयोध्या चैप्टर के नए अध्यक्ष



**अयोध्या, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अयोध्या चैप्टर के नए अध्यक्ष उद्यमी सुमित कुमार जायसवाल होंगे। उनके नाम का अनुमोदन हो गया है। बता दें कि आईआईए के अयोध्या चैप्टर के चेयरमैन शंकर लाल जायसवाल थे। उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। इसके पहले ही सुमित कुमार जायसवाल के नाम की संस्तुति यहां के उद्यमियों ने मुख्यालय में की थी। अब मुख्यालय ने उनके नाम का अनुमोदन कर दिया है। अब आईआईए के कार्यकारिणी गठन पर चर्चा के लिए 29 जून की शाम कोटसराय स्थित होटल में उद्यमियों बैठक बुलाई गई है।

## कृषि यंत्रों की खरीद को 12 जुलाई तक करें आवेदन

**लखनऊ :** प्रदेश के किसान कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगें हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक व लागत कम की अवधारणा पर राज्य सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन शुरू हो गया है। किसान विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर आवेदन करने के लिए पोर्टल के जरिए ही सभी विवरण प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग 27 जून से 12 जुलाई तक होगी।


## कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर।

**पत्रांक: समग्र शि0 / ए0आर0पी0 – चयन / 8977–84 /2025–26 दिनांक : 28/06/2025**

प्रेस–विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः गुण0वि0 / ए0आर0पी0 / 9333 / 2024–25 दिनांक 15 जनवरी, 2025 के साथ संलग्न शासनादेश संख्या–902 / 68–5–2019 दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 एवं शासनादेश संख्या–68–5099 / 143 / 2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 एवं मुख्य विकास अधिकारी सुलतानपुर के अनुमति दिनांक–20.06.2025 के अनुक्रम में दिये गये निर्देशों के क्रम में समग्र शिक्षा अभियान सुलतानपुर के अन्तर्गत प्रत्येक ब्लाक संसाधन /नगर संसाधन केन्द्र के अन्तर्गत निम्न विवरणानुसार रिक्त अकादमिक रिसोर्स पर्सन Academic Resource Person (ARP) के चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक / शिक्षिकाओं से निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक–15.07.2025 सायं–05.00 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर के पते पर आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0 स0 | ए0आर0पी0 हेतु पद नाम | ब्लाक संसाधन केन्द्र | | | नगर संसाधन केन्द्र | | | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद | स्वीकृत पद | भरे गये पद | रिक्त पद | |
| 1 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) हिन्दी विषय | 14 | 10 | 04 | 01 | 00 | 01 | कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में हिन्दी अनिवार्य हो। |
| 2 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) अंग्रेजी विषय | 14 | 07 | 07 | 01 | 00 | 01 | कला संवर्ग में स्नातक के अन्तिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य हो। |
| 3 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) गणित विषय | 14 | 09 | 05 | 01 | 00 | 01 | स्नातक में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित पी0सी0एम0 संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 4 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) विज्ञान विषय | 14 | 08 | 06 | 01 | 00 | 01 | स्नातक में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान जेड0बी0सी0 संवर्ग से अनिवार्य हो। |
| 5 | अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) सामाजिक अध्ययन | 14 | 07 | 07 | 01 | 00 | 01 | कला संवर्ग में स्नातक के निर्धारित विषय में समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान, सांख्यिकी, कृषि। |

**अर्हता एवं शर्ते**

1. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता हो।
2. परिषदीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालय में कम से कम 05 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो। शिक्षण अनुभव का आगणन विज्ञापन की तिथि को सन्दर्भ मानकर किया जायेगा।
3. सेवानिवृत्त होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो।
4. ए0आर0पी0 के रूप में अधिकतम 03 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरान्त पूर्व में कार्य कर चुके कोई भी Academic Resource Person (ARP) भविष्य में अकादमिक रिसोर्स पर्सन पद पर चयन हेतु अनर्ह होगें।
5. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।
6. अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निर्धारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफार्मेन्स अप्रैजल के आधार पर जनपदीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चात इनका नवीनीकरण किया जायेगा। अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात पुनः चयन प्रक्रिया की जायेगी।

**चयन हेतु मानदण्ड**

1. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन के लिए क्वालीफाई करेगें।
2. माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए क्वालीफाई करेगें।
3. साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही अन्तिम (फाइनल) चयन हेतु क्वालीफाई करेगें।
4. लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग / शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्कार के कुल योग को जोड़ने के बाद , जिन अभ्यर्थियों का अंक 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर होगा, उनकी अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) के लिए मेरिट बनायी जायेगी।
5. चयनित अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का पदस्थापन काउन्सिलिंग के माध्यम से मेरिट / वरिष्ठता के क्रम में किया जायेगा।

सामान्य निर्देश

1. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरे जाने के पश्चात सम्बन्धित विकास खण्ड / नगर क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी से समस्त प्रमाण पत्रों के साथ अग्रसारित किया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूप खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है।
2. ग्रामीण क्षेत्र के अध्यापकों का चयन / पदस्थापन ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर तथा नगर क्षेत्र के अध्यापकों का चयन / पदस्थापन नगर संसाधन केन्द्र में ही होगा।
3. आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल अंकपत्र / प्रमाण–पत्र (जिसमें जन्मतिथि अंकित हो), स्नातक अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र, नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. अपूर्ण एवं अधूरे आवेदन पत्र अथवा उपरोक्त वर्णित प्रमाण पत्र संलग्न न करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा।
5. चयनित अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) का वेतन उसी विद्यालय से निकलेगा जिसमें वे कार्यरत हैं तथा वेतनमान में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जायेगी। उक्त कार्य हेतु अकादमिक रिसोर्स पर्सन (ARP) को रू0 2500/– प्रतिमाह मोबिलिटी / वाहन भत्ता के अतिरिक्त किसी प्रकार का अन्य इन्सेन्टिव नही दिया जायेगा।
6. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं विषय का नाम अवश्य अंकित किया जाय।
7. लिखित परीक्षा, माइक्रो टीचिंग एवं साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

**जिला समन्वयक (प्रशिक्षण)**
**समग्र शिक्षा, सुलतानपुर।**

**( उपेन्द्र गुप्ता)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**सुलतानपुर।**


## तीन छात्रों ने की जीपीएटी 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण


सचिन पाल


सैफ आलम शाह


प्रतिभा गौतम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के तीन छात्रों सैफ आलम शाह, प्रतिभा गौतम और सचिन पाल ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी 2025) की परीक्षा को उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। संस्थान के निदेशक प्रो . शैलेंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली यह परीक्षा जो फार्मेसी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का आयोजन नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा कराया जाता है। इसमें छात्रों को जीपीएटी के स्कोर के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षिक श्रेष्ठता का प्रमाण है।

## स्वामी विवेकानंद के संदेश मानवता के लिए मंत्र

अयोध्या कार्यालय।


अवध विवि द्वारा आयोजित कार्यशाला में स्वामी विवेकानंद का चित्र बनाते छात्र।

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति के महान प्रणेता है। स्वामी विवेकानंद के संदेश समूची मानवता के लिए एक मंत्र है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ये बातें शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहीं। वह स्वामी विवेकानंद सभागार में ललित कला विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श विषय पर आयोजित सात दिवसीय भित्ति चित्रण कार्यशाला का निरीक्षण करने के बाद छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चार जुलाई को एक दिवसीय अधिवेशन "विकास 2025" के तहत परिसर को भित्ति चित्रों से सुसज्जित करना है।ल लित कला विभाग के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस कार्यशाला में स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह के भीतरी दीवारों पर विवेकानंद के व्यक्तित्व का सजीव चित्रण करने के साथ उनके आदर्शों को सुलेखित किया गया जाएगा। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रॉक्टर प्रो. एस एस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, संयोजिका डॉ. रीमा सिंह, डॉ. अलका, डॉ. रचना आदि मौजूद रहे।


नयागंज मोहल्ला से निकलती प्रभु जगन्नाथ यात्रा में शामिल विधायक रामचंद्र यादव व श्रद्धालु।

## श्रद्धा, भक्ति के बीच निकाली प्रभु जगन्नाथ की यात्रा

**भेलसर, अयोध्या।** श्रद्धा–भक्ति के साथ शुक्रवार शाम अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर से भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं में भगवान का रथ खींच पुण्य कमाने की होड़ रही। वैदिक मंत्रों के गूंजते स्वर और श्रद्धालुओं के जयघोष के बीच पंडित राजेंद्र शास्त्री ने विधिवत पूजन किया। ऐतिहासिक नयागंज स्थित अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर पर उनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भ्राता बलराम की सुशोभित झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव–विभोर कर दिया। रथ यात्रा बांग्लवा तालाब, हाथी नीम, तिपाई , कोठी , कटरा , नवाब बाजार , टेढ़ी बाजार , खतरना,अकबरगंज, मलकनिया होते हुए नयागंज अर्धनारीश्वर मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए। रथ यात्रा में विधायक राम चंद्र यादव, नितिन ओमहरी आर्य, मनीष आर्य, अशोक कसौधन, श्याम बाबू कसौधन आदि लोग मौजूद रहे।

## अभियंताओं पर कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर

**लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली अभियंताओं पर विजिलेंस की ओर से की गई कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर की गई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार ने कहा कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनी को पावर कॉरपोरेशन नहीं बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंधन चला रहा है। कहा कि बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले कार्मिकों को कमजोर किया जा रहा है, ताकि वे अपने अधिकारों की लड़ाई न लड़ पाएं।


**बाबू महीपति सिंह महाविद्यालय, तिलोई अमेठी**

में आवश्यकता है:–

स्नातक स्तर पर **बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (चित्रकला) तथा **बी0एससी0 पाठ्यक्रम में** (रसायन विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता–01** पद तथा **परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (भूगोल, गृहविज्ञान प्राचीन इतिहास एवं राजनीतिशास्त्र) तथा **एम0एससी0 पाठ्यक्रम** (जन्तु विज्ञान) में प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता–02**

योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय– प्रबन्धक / अध्यक्ष
मो0नं0–9919407065


## भ्रष्टाचार के खिलाफ सभासदों का धरना-प्रदर्शन

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** गोसाईगंज नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ शानिवार को नगर के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। सभासदों ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 से जून 2025 तक कई योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने नाला सफाई, फॉगिंग, जलापूर्ति, जेम पोर्टल से खरीद, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन सहित कई मामलों की जांच और पारदर्शी ऑडिट की मांग की। तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सिंह ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन सभासदों ने सक्षम अधिकारी की मौजूदगी तक ज्ञापन देने से इन्कार कर दिया। चेतावनी दी कि समय पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन और तेज होगा। तहसीलदार ने सभी बिंदुओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना फिलहाल स्थगित कर दिया गया।

## हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा प्रदेश : योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पौधरोपण महाभियान–2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाअभियान में सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए।

**जुलाई माह में शुरू हो रहे पौधरोपण महाभियान 2025 का लोगो जारी**

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204 .92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को "ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट" प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए। वहीं, प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए । अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे।


**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26

Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



## कार्यालय जिलाधिकारी सुलतानपुर

संख्या 142 / ई–गवर्नेन्स / 06 **विज्ञप्ति** दिनाँक 05 जून, 2025

प्रदेश में संचालित किये जा रहे है–गवर्नेन्स प्लान के अन्तर्गत जनपद में CSC 2.0 स्कीम के सफल व सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु डिस्ट्रिक्ट ई–गवर्नेन्स समिति (डी0ई0जी०एस०) द्वारा अनुबन्ध के आधार पर एक वर्ष के लिए **''डिस्ट्रिक्ट मैनेजर''** के चयन हेतु उचित / योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। उक्त पद प्रथमत एक वर्ष के लिए है। आवेदित पद हेतु पात्रता को मापदण्ड निम्नवत् है–

| क्रमांक | पदनाम | रिक्तियों की संख्या | योग्यता मापदण्ड | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | डिस्ट्रिक्ट मैनेजर | 01 (एक) | उम्र–21–35 वर्ष (दिनांक 01.07.2025) | रू0 23,500 / – |
| | | | **शैक्षिक योग्यताः** बी०सी०ए० / बी०आई०टी० / बी० टेक० / बी०ई० / एम०सी०ए० / किसी विषय में स्नातक के साथ 01 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रमाण पत्र | |
| | | | क्षेत्रीय भाषा (हिन्दी) तथा अंग्रेजी का ज्ञान | |
| | | | आई०टी० / ई–गवर्नेन्स के क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव | |

आवेदन पत्र के प्रारूप वेबसाइट ***http//sultanpur.nic.in*** पर उपलब्ध है। उपरोक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा निर्दिष्ट वेबसाइट पर आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर निर्धारित प्रक्रियानुसार वांछित प्रविष्टियों को पूर्ण कर राष्ट्रीयकृत बैंक की किसी भी शाखा का रूपये 1000 / – का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो District E-Governance Samiti Sultanpur के नाम से देय होगा एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्रो की सत्यापित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय (जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट) सुलतानपुर में रजिस्ट्रर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा जमा करना होगा। चयन समिति द्वारा शार्ट लिस्टिंग के पश्चात अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु काल लेटर / ई–मेल / दूरभाष द्वारा सूचित किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा निम्नलिखित अभिलेख (मूल तथा प्रमाणित प्रतिलिपि) प्रस्तुत करने होंगे।

1. **उम्र** 10वीं / हाई स्कूल प्रमाण पत्र।
2. **शैक्षिक योग्यताः**– मूल तथा प्रमाणित प्रतिलिपि
3. **कार्य अनुभव**– अनुभव प्रमाण पत्र।
4 **फोटो पहचान पत्र– साक्षात्कार के समय, पैन कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस / पासपोर्ट / आधार / वोटर आई०डी० कार्ड प्रस्तुत करना होगा।**
5. **योग्य / शार्टलिस्टेड अग्यर्थियों को ही पत्राचार / ई–मेल / दूरभाष द्वारा साक्षात्कार हेतु प्रस्तुत होने के** लिए सूचित किया जाएगा।
6 जनपद सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के निवासी को वरीयता दी जाएगी।
7. समस्त आवेदकों को चयन समिति का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
8 समस्त आवेदकों का न्याय क्षेत्र जनपद सुलतानपुर होगा।
9. पत्र संख्या–32 / ई–गवर्नेस / 03. दिनांकः मार्च, 13 2023 के माध्यम से निर्गत प्रथम नोटिफिकेशन के समय आयु के सन्दर्भ में अहे अभ्यर्थी वर्तमान में आवेदन हेतु पात्र होंगे तथा पूर्व से आवेदन–पत्र प्राप्त 10 अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन नहीं करना होगा।
10 आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.07.2025 को सायं 5.00 बजे तक होगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। डाक विभाग के विलम्ब का पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आवेदक का होगा।

**(कुमार हर्ष)**
**जिलाधिकारी,**
**सुलतानपुर ।**

## एक नजर

### कर्बला में हुए बलिदान को किया गया याद

**जलालपुर :** मोहर्रम के दूसरे दिन नगर के सराय चौक स्थित मलिक रज़ा हुसैन के आवास से निकलने वाला परम्परागत मातमी जुलूस मौलाना मीसम रज़ा जाहिदी की मजलिस के शुरू हुआ। मौलाना ने जुलूस निकलने के पूर्व मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला में हुए बलिदान की याद को ताजा किया। मौलाना ने कहा हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने ज़ुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद की।मर्सिया ख्वानी जौहेर अब्बास व उनके साथियों ने किया। इस दौरान मिनहाल रज़ा, शहजादे अली, दावर हुसैन, मुन्ना भाई, इनाम हुसैन जाफरी आदि रहे। जुलूस की निगरानी कोतवाल संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ करते रहे।

### भेड़िया दिखाई पड़ने से ग्रामीण भयभीत

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर :** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरियावन बाजार के निकट नहर पर भेड़िया दिखाई पड़ने से आसपास के ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। लोग किसी भी अनहोनी की आशंका से डरे और सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार शाम के समय कुछ लोगों ने नहर पर टहलते हुए भेड़िए को देखा, जिसका वीडियो भी बनाया गया। उन्होंने भेड़िए के द्वारा तीन बकरियों को भी अपना निशाना बनाए जाने की आशंका जताई है। लोगों ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है, लेकिन अभी तक विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### पानी की टंकी का पंप खराब लोगों की बढ़ी परेशानी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र की नई सब्जी मंडी के पास स्थित पानी टंकी का पंप पिछले पांच दिनों से खराब है। इस कारण क्षेत्र के निवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में लोगों को या तो दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है या फिर किराए पर पानी खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी राकेश कुमार चौधरी, सौरभ और अनिल कुमार ने बताया कि पीने के पानी की गंभीर समस्या है। उन्होंने इस समस्या को लेकर सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार का कहना है कि पंप की मरम्मत का काम चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पंप ठीक कर दिया जाएगा।

### थाना समाधान दिवस में आईं 15 शिकायतें

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** शनिवार को जलालपुर कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी हीरालाल यादव की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस मौके पर कुल 15 शिकायती पत्र मिले जो सभी राजस्व संबंधी मामले से जुड़े रहे। शिकायत लेकर समाधान दिवस में कोतवाली क्षेत्र के विशंभर पर इमलीपुर गांव निवासिनी रेखा ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि विपक्षी द्वारा सड़क पर मिट्टी पाट दिया गया है। वहीं पेठिया पैकौली गांव निवासी फूलचंद ने शिकायत करते हुए कहा कि मेरे भाई राम उजागिर व उनका लड़का जबरदस्ती मेरे घर पर कब्जा कर लिया है। वहीं चिलवानिया गांव निवासी फूला ने शिकायत किया कि विपक्षी रघुनाथ द्वारा मेरे खेत के मेड़ को काट लिया है। इस मौके पर उप निरीक्षक प्रफुल्ल यादव, कानूनगो मनोज त्रिपाठी, लेखपाल सुनील कुमार समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम

## जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए विकास से संबंधित विभागों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैसबोर्ड के माध्यम से विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के डीएम ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास से संबंधित विभागों समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, महिला कल्याण, मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, श्रम विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विंदुवार गहन समीक्षा की। उन्होंने जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उपरांत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए सभी विकास से संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी अनुपम सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

**कहा-योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

**विभाग रैंकिंग में लाएं सुधार :** जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जिन-जिन विभागों और योजनाओं में रैंकिंग की स्थिति अच्छी नहीं है उनको विशेष ध्यान देने के साथ ही समस्त विभागों को निरंतर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे प्रदेश स्तर पर जनपद की रैंकिंग में और सुधार आए और शासन के मंशानुसार जनसामान्य तक योजनाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो।

### टांडा विधायक ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** टांडा विधायक श्रीराम मूर्ति वर्मा के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने टांडा ब्लॉक की ग्राम सभा गोकुलपुर में स्थित मदरसे को ध्वस्त करने की कार्रवाई रोकने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कई अन्य मुद्दे भी उठाए। टांडा नगर पालिका में जन्म . मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में विलंब की शिकायत की गई। दाखिल खारिज और नक्शा संबंधी एनओसी में लापरवाही का मुद्दा भी रखा गया। हाउस टैक्स में मनमानी वृद्धि पर भी आपत्ति जताई गई। बिजली विभाग द्वारा बुनकरों के कनेक्शन काटकर अवैध वसूली का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने बुनकरों के साथ हो रही ज्यादती पर रोक लगाने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू, जिला उपाध्यक्ष अजय दूबे अंजू और ग्राम प्रधान हौसला यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की।






### 50 से कम छात्र वाले विद्यालय होंगे समायोजित

**अंबेडकरनगर :** बेसिक शिक्षा विभाग ने जनपद के 230 परिषदीय स्कूलों में 50 से कम बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। इन स्कूलों को समायोजित करने की योजना बनाई गई है। बेसिक शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र से पहले कम छात्र संख्या वाले स्कूलों की पहचान की है। यहां के विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत के पास के दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। जनपद में कुल 1 हजार 583 परिषदीय विद्यालय हैं। जिनमें से 230 स्कूलों में 20 से 30 या कम छात्र हैं। वहीं कार्यरत शिक्षकों को भी अन्य विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा।

# आज 26 केंद्रों पर 11 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


परीक्षा को लेकर आयोग के सदस्य के साथ बैठक करते डॉ. सदानंद गुप्ता व अन्य।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मिलित कनिष्क सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्टर तृतीय की मुख्य परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्तर तृतीय की मुख्य परीक्षा 29 जून को होगी। परीक्षा के लिए जनपद में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में 11 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा अत्यंत ही संवेदनशील है। परीक्षा को निर्विघ्न रूप से बिना किसी प्रावधान के निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता और सुचितापूर्ण संपन्न कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जनपद में 26 परीक्षा केंद्रों परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में निगरानी के लिए 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 26 केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गई है। बैठक के दौरान सभी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि परीक्षा तिथि से पूर्व अपने-अपने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक से संपर्क, समन्वय स्थापित कर केंद्र की समस्त कार्य प्रणाली, गतिविधियों से भली-भांति अवगत हो लें। परीक्षा संदर्भित समस्त निर्देशों का परीक्षा केंद्र पर अनुपालन कराकर सभी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ कराए और अपने नेतृत्व में परीक्षा को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सकुशल आयोजित कर दायित्वों का समुचित निर्वहन सुनिश्चित करें।

**निगरानी के लिए की गई है 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 26 केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती**

**कक्ष निरीक्षकों को दो घंटे पहले केंद्र पर होगा पहुंचना :** परीक्षा केंद्रों में बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर, बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर और राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन प्रमुख हैं। राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज टांडा, जनता इंटर कॉलेज महरुआ गोला और गणेश कृष्णा जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर भी केंद्र बनाए गए हैं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, समन्वयी प्रेक्षक संतोष कुमार, परीक्षा में लगाए गए सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट तथा संबंधित आधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### हाई-वोल्टेज तार से झुलसा युवक, मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगरः** ट्रक पर भूसी लादते समय हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से 32 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के अलिए भेज दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के बेलऊवा बरियारपुर की है। शुक्रवार दोपहर अवधना इस्माइलपुर गांव निवासी अवधेश पुत्र राम कृपाल 32 वर्ष जो ट्रक पर भूसी लादने का कार्य कर रहा था। तभी डाला बंद करते समय ट्रक के ऊपर से गुजर रहे, हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया। जिसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवती की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगरः** कटका थाना क्षेत्र के रतना गरखोल गांव के निवासी मटरू की पुत्री संजना 19 वर्ष शुक्रवार दोपहर घर के पास लगे जामुन के पेड़ के नीचे गिरे फलों को इकट्ठा कर रही थी। इसी दौरान किसी विषैले जीव ने उसे काट लिया। घर लौटने के कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। तब उसने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजन तुरंत उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भियांव पहुंचे, जहां उसे एंटी वेनम इंजेक्शन देकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही संजना ने दम तोड़ दिया।

# पथरी के ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, हंगामा

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** जिले के नरौली स्थित रमा हॉस्पिटल एक बार फिर लापरवाही के आरोपों में घिर गया है। आरोप है कि पित्त की पथरी के ऑपरेशन में डॉक्टर अमित सिंह ने लापरवाही बरती। जिससे मरीज की हालत खराब हुई और उसकी वाराणसी के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने रमा हॉस्पिटल के सामने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित परिजनों ने हंगामा करते हुए हॉस्पिटल के डॉक्टर अमित सिंह के खिलाफ तहरीर दी है।

**परिजनों का डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन करने का आरोप**

जीयनपुर थाना क्षेत्र के कन्जरा दिलसादपुर गांव निवासी बिन्दू देवी पाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पति भुवाल चौहान की पित्त की थैली में पथरी थी। 16 जून 2025 को इलाज के लिए वे रामा हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉ. अमित सिंह ने कहा कि यह एक साधारण ऑपरेशन है और मरीज जल्द ही ठीक हो जाएगा। ऑपरेशन की अनुमति लेने के बाद उसी दिन भर्ती कर ऑपरेशन कर दिया। जब ऑपरेशन के बाद उनकी हालत बिगड़ती गई, लेकिन इसके बावजूद डॉक्टरों ने मरीज को 20 जून को डिस्चार्ज कर दिया और कहा कि घर पर आराम करने से सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अमित की स्थिति और खराब हो गई। परिजन मरीज को लेकर वाराणसी के निजी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान 28 जून की सुबह को मौत हो गई।

अमित की मौत से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने रमा हॉस्पिटल के सामने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। । प्रदर्शन के कारण सड़क पर आवागमन बाधित हो गया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

वहीं इस संबंध में डॉ. अमित सिंह ने बताया कि भूवल चौहान, जिन्हें पित्त की थैली में पथरी और हार्ट फेल्यर की समस्या थी। 16 जून को अस्पताल में भर्ती हुए थे। मरीज को 21 जून को पूरी तरह सही हालत में डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद मरीज कभी अस्पताल नहीं लौटा। उन्होंने परिजनों के आरोपों को सरासर गलत बताया है।


# अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **सियारानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सियाराम निवासिनी ग्राम रसूलपुर मजरा समेसी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ,** मेरे आधार कार्ड नम्बर–8641 2092 0914 में विवाह पूर्व पिता के यहाँ आधार कार्ड में त्रुटिवश पुष्पा देवी नाम दर्ज हो गया था तथा विवाह के पश्चात ससुराल में आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड, राजस्व अभिलेखों, पहचान पत्र, राशन कार्ड में विधवा पेन्शन, गैस एजेन्सी, आयुष्मान कार्ड. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमण पत्र व ईश्रम कार्ड में सियारानी नाम दर्ज है। मैं सियारानी व पुष्पा देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

मैं **सुन्दारा पत्नी रामदास निवासी वीरशाहपुर परगना फखरपुर तहसील महसी जनपद बहराइच,** मेरे बैंक जिसकी खाता सद्व 50350262158 है के खतौनी व आधारकार्ड जिसका नं0 962193256320/962193256380 पर सुन्दारा पत्नी रामदास दर्ज अभिलेख है। जो सही है। मेरे दो अलग–2 नाम है। सुन्दारा व केतका दोनों नाम एक ही महिला के है। इनके अलावा कोई अन्य महिला नही है।

**सूचना**

मेरे बचत खाता में मेरा नाम प्रिया सिंह अंकित हो गया है जबकि मेरे अन्य कागजात शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरा नाम प्रिया सिंह चंदेल अंकित है जो की सही है जिसे खाते में सही दर्ज कर दिया जाए। **प्रिया सिंह चंदेल पुत्री रविंद्र सिंह चंदेल निवासी ग्राम गोकना पोस्ट कोटिया ऊंचाहार रायबरेली 229404 उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र तौफीक हुसैन व उसकी पत्नी अनम बेगम के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे– **जाकिर हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन व चांदतारा बेगम निवासी–गांधीनगर थाना–बिधूना –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र अनुज सिंह व उसकी पत्नी नीरु देवी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगे– **सुशीला देवी पत्नी रणधीर सिंह व रणधीर सिंह पुत्र छविनाथ सिंह ग्राम बेलामऊ सरैया थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि श्री विन्ध्याचल सिंह पुत्र स्व0 श्री जगदम्बा बक्स सिंह ग्राम व पोस्ट–दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर। फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट –दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर, के साझेदार की मृत्यु दिनॉक 26.03.2025 को हो गयी है। उनके स्थान पर एक अन्य साझेदार श्रीमती रीता सिंह पत्नी स्व0 श्री विन्ध्याचल सिंह ग्राम व पोस्ट– दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर को दिनॉक 01.05.2025 से साझेदार के रूप में शामिल हुयी हैं। **निवेदक गौरव सिंह साझेदार फर्म विन्ध्याचल सिंह, ग्राम व पोस्ट– दुल्हूपुर, तहसील–जलालपुर, जिला–अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) में त्रुटिवश मेरा नाम Madhu Shribasotiya व जन्मतिथि 01/01/1994 हो गया है जोकि गलत है। सही नाम Madhu Shree Basotiya व जन्मतिथि 08/11/1993 है। उपरोक्त दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में Madhu Shree Basotiya **निवासी– उपरहितन पुरवा जानकी नगर गोण्डा** के नाम से जाना पहचाना जाए।


# अंतर्जनपदीय 5 चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** जिले के अतरौलिया थाने की पुलिस ने अंतर्जनपदीय 5 चोरों को कनैला गांव स्थित गेरुवा बाबा मन्दिर के पास से गिरफ्तार कर जनपद में घटित 11 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के आभूषण, 1 लाख 85500 रुपये नकद व तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को बताया कि अतरौलिया थानां क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम चोरों के बारे में सुराग लगा रही थी कि शनिवार को थानाध्यक्ष अतरौलिया अमित कुमार मिश्रा को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम कनैला स्थित गेरुवा बाबा मन्दिर के पास मौजूद हैं, जिनके पास चोरी के सामान है। इस सूचना पर पुलिस टीम गेरुवा बाबा मन्दिर के पास पहुची। पुलिस ने मौके से गुड्डू पुत्र परिखन, प्रकाश नट पुत्र परिखन निवासीगण देवाकलपुर थाना चन्दौली जनपद चन्दौली, परिखन नट पुत्र स्व जवाहिर, साहब नट पुत्र उपेन्द्र निवासी पचदेवरा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली, मलाई नट पुत्र सन्तलाल निवासी रकिपान थाना अमझोर जनपद रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से साढ़े तीन लाख के जेवरात, एक लाख 85500 रुपये नकद, तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

**एसपी ग्रामीण चिराग जैन के मुताबिक, साढ़े तीन लाख के जेवर व नकदी बरामद**

**मकान में लगी आग से गृहस्थी राख, अंबेडकरनगर :** अकबरपुर थाना क्षेत्र स्थित कोटवा मोहम्मदपुर गांव में सोमवार दोपहर एक छप्परनुमा मकान में आग लग गई। राजेश कुमार की पत्नी राधिका के मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग ने पूरी गृहस्थी को जलाकर राख कर दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि राधिका और उनका परिवार कुछ भी नहीं बचा पाए। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद उतरौला–बलरामपुर**

पत्रांक– 346 / न0पा0परि0उत0/ जन्म–मृत्यु/ 2025–26 दिनॉक– 26–06–2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री निजामुद्दीन पुत्र श्री शमसुद्दीन निवासी मोहल्ला–पटेलनगर उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा अपने भाई के जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं0 | जन्म | पिता/पति का नाम | जन्म तिथि | जन्म का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुहीउददीन मोहम्मद अकबर खान | शमसुद्दीन खॉन | 26–01–1987 | मोहल्ला–पटेलनगर उतरौला–बलरामपुर |

उपरोक्त जन्म प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को इनके जन्म से सम्बन्धित आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद ,उतरौला–बलरामपुर**


# थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जनपद के हंसवर थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी एसएसआई विजय कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नायब तहसीलदार राज कपूर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

समाधान दिवस में भूमि विवाद से जुड़े पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। केवटला ग्राम सभा के दिव्यांग फरियादी चंद्रभान ने बैनामी भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की। चंद्रभान स्वर्गीय राम बुझारत के पुत्र हैं और पैरों से दिव्यांग हैं। लगनपुर ग्राम सभा के बाकड़ापुर की गेना देवी ने रास्ते के विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान ने सरकारी भूमि पर रास्ता न बनाकर दूसरी जगह बना दिया। गेना देवी इस मामले में तीन-चार बार पहले भी शिकायत कर चुकी है। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि लेखपाल की पैमाइश के बाद ही रास्ते का निर्माण कराया गया है। अधिकारियों ने बाकी प्रार्थना पत्रों को संबंधित लेखपाल को सौंप दिया है। जल्द से जल्द इनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है। कार्यक्रम में एसआई उस्मान गनी, रहमतुल्लाह, अन्य पुलिसकर्मी और क्षेत्रीय लेखपाल भी मौजूद रहे।


**APPOINTMENT नियुक्ति**

**VARUN ARJUN UNIVERSITY**

**FACULTY REQUIREMENT**

| Departments | Vacancies Open |
|---|---|
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Department of Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to **varunarjuntrust@gmail.com**

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India



**जलकल विभाग नगर निगम अयोध्या**
**कार्यालय रू– अमानीगंज अयोध्या कैण्ट – 224001**
**Email- jalkalamaniganj@gmail.com**

पत्रांक : 264 / ज0क0वि0न0नि0अयो0 / 2025–26 दिनांक– 28.06.2025

**शुद्धि–पत्र**

अवगत कराना है कि नगर निगम अयोध्या 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत विक्रमादित्य नगर वार्ड के अंगूरीबाग क्षेत्र में 01 नग नलकूप का रिबोरिंग कार्य एवं इसकी राइजिंग मेन विस्तार का कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 23.06.2025 से दिनांक 05.07.2025 तक ऑनलाइन तृतीय ई–निविदा आमंत्रित की गयी, जिसकी निर्धारित तिथि 07.07.2025 को निविदा खोली जानी है, किन्तु उक्त कार्य की ई – निविदा में नियम / शर्तो में त्रुटि हो गयी थी, जिसका संशोधन कर निम्नानुसार पढ़ा जाना है:–

| क्रमांक | नियम / शर्तो का क्र0सं0 | पूर्व नियम / शर्त | संशोधित नियम / शर्त |
|---|---|---|---|
| 01 | 09 | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सर्वन्यूनदाता द्वारा 01 वर्ष के Defect Liability Period पूर्ण होने के पश्चात् 02 वर्ष तक का मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए कोई भी अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा । | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सर्वन्यूनदाता द्वारा 01 वर्ष के Defect Liability Period पूर्ण होने के पश्चात् 01 वर्ष तक का मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए प्रति माह निविदा दरों के अनुसार भुगतान देय होगा । |
| 02 | 11 | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सभी निविदादाता द्वारा किसी भी सरकारी संस्था द्वारा पिछले 10 वित्तीय वर्षो में कम से कम कुल – 03 नग जिसमें से किन्ही दो वित्तीय वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम एक–एक नग नलकूप रिबोरिंग का कार्य एवं इसके राइजिंग मेन विस्तार कार्य के अनुभव हेतु कार्यादेश के साथ–साथ कार्य का Compilation Certificate (पूर्णतः प्रमाण पत्र) एवं संतुष्टि प्रमाण लगाया जाना अनिवार्य होगा। | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सभी निविदादाता द्वारा किसी भी सरकारी संस्था से पिछले 10 वित्तीय वर्षो में कम से कम कुल – 03 नग 20 एच0पी0 या उससे अधिक क्षमता के नलकूप रिबोर सम्बन्धी कार्य का अनुभव हेतु कार्यादेश के साथ–साथ कार्य का Compilation Certificate (पूर्णतः प्रमाण पत्र) एवं संतुष्टि प्रमाण लगाया जाना अनिवार्य होगा । |
| 03 | 13 | उक्त निविदा में L–1 होने के पश्चात् L–1 फर्म द्वारा नलकूप को रिबोर एवं इसकी राइजिंग मेन विस्तार के कार्य को पूर्ण कराने पर 90 प्रतिशत की धनराशि का भुगतान किया जायेगा एवं शेष 10 प्रतिशत धनराशि 2 वर्ष उपरान्त संतोषजनक कार्य होने पर ही देय होगा । | उक्त निविदा में L–1 होने के पश्चात् L–1 फर्म द्वारा नलकूप का रिबोरिंग कार्य एवं इसके राइजिंग मेन विस्तार कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होने पर 02 वर्ष उपरान्त जमानत धनराशि अवमुक्त की जायेगी । |

कृपया उपरोक्तानुसार नियम / शर्तो को पढ़ा जाये ।

**अधिशाषी अभियन्ता (जल)** नगर निगम अयोध्या

**अपर नगर आयुक्त** नगर निगम अयोध्या

## एक नजर

### स्वयं सहायता समूह को रेशम उद्योग के लिए दिया जाएगा प्रोत्साहन

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि इस योजना के तहत शहतूत वृक्षारोपण सहायता, कीट पालन गृह सहायता, उपकरण सहायता और प्रशिक्षण सहायता जैसी चार प्रमुख योजनाएं संचालित हैं। शहतूत वृक्षारोपण सहायता योजना के तहत विकासखंड बलरामपुर, गैंसड़ी, तुलसीपुर और पचपेड़वा में एनआरएलएम के 10-10 स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाएगा। शहतूत वृक्षारोपण 15 जुलाई 2025 से शुरू किया जाएगा। योजना के तहत निर्धारित स्थल की जियो टैगिंग कराई जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने योजना की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त स्वतः रोजगार, डीएमएम, बीएमएम और सहायक रेशम विकास अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

### स्थगन आदेश के बावजूद हो रहा जमीन पर कब्जा

**तरबगंज, गोंडा।** के खरगूपुर निवासी पीड़ित ने एसपी गोण्डा को दीए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि न्यायालय से स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षी जमीन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित रमाकांत पांडेय ने बताया कि ढांचा बीकापुर में उसकी जमीन है जिस पर गांव के तिलकराम यादव, रामनाथ यादव, करन यादव, जगनरायन मौर्य आदि लोग मिलकर छप्पर रख कर कब्जा कर लिए हैं। जबकि जमीन का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है व स्थगन आदेश भी है। इसकी शिकायत थाने पर की है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच करवाई जा रही है।

### 12 हजार पशुओं को लगाया गला घोंटू का टीका

**रुपईडीह, गोंडा।** राजकीय पशु चिकित्सालय के तत्वावधान में गत् 15 जून से गला घोटू के टीकाकरण का अभियान शुरू किया गया है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ बी आर निगम ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक विभिन्न गांवों को मिलाकर 12000 पशुओं को गला घोट का टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण किए जाने का दायित्व पशु मित्रों को सौंपा गया है। टीकाकरण के लिए उन सभी पशु मित्रो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा चुका है।

### आम आदमी पार्टी का कार्मिक अनशन जारी

**गोंडा :** शनिवार को आम आदमी पार्टी का चौथे दिन कार्मिक अनशन जारी रहा, लेकिन कोई लिखित आश्वासन सड़क निर्माण को लेकर नहीं मिला, ना ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन दिया गया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा अज्जू पंडित ने कहा कि रविवार को कार्मिक अनशन समाप्त होगा और यदि कोई ठोस संतोषजनक लिखित आश्वासन प्रशासन की ओर से नहीं दिया जाता है, तो आगामी सोमवार से कार्मिक अनशन, आमरण अनशन में बदल जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। जिला उपाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि आम आदमी सामाजिक मुद्दे को लेकर ऐसे ही संघर्ष करती रहेगी। कटरा विधानसभा के प्रभारी विवेक द्विवेदी ने कहा अगर हम गरीब मजलूमों के लिए कार्य करेंगे तो आम आदमी पार्टी सभी के हृदय में समाहित हो जाएगी।

### शुल्क वृद्धि पर एबीवीपी ने जताई नाराजगी

**बलरामपुर :** एमएलके पीजी कॉलेज में शुल्क वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने 48 घंटे के अंदर बढ़े हुए शुल्क को कम करने की मांग की है, अन्यथा भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। बीसीए तृतीय और पंचम सेमेस्टर में 1150 रुपये की शुल्क वृद्धि हुई है। बीकॉम तृतीय सेमेस्टर का शुल्क 6669 रुपये से बढ़कर 6819 रुपये हो गया है। बीकॉम पंचम सेमेस्टर का शुल्क 6769 रुपये से बढ़कर 6919 रुपये हो गया है। बीबीए तृतीय और पंचम सेमेस्टर का शुल्क 14419 रुपये से बढ़कर 15569 रुपये हो गया है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अम्बुज भार्गव, जिला संयोजक अनुराग तिवारी और कॉलेज इकाई अध्यक्ष शिवम दुबे ने शुल्क वृद्धि की निंदा की है और जल्द ही शुल्क कम न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पुनीत, पंकज तिवारी, आकाश गुप्ता, अखण्ड यादव, सलोनी कन्नौजिया, आलिया खान, अनुपम, अनुभव, अभिषेक और जिला संगठन मंत्री अनुज सहित भारी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्ची की हत्या कर झाड़ी में फेंका शव

## शनिवार की सुबह आम बीनने निकली थी, परिजन कर रहे थे तलाश

संवाददाता, गोंडा



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कौड़िया थाना क्षेत्र के नेवादा हाशिमपुर गांव में शनिवार को घर से आम बीनने के लिए गयी एक 8 वर्षीया मासूम बच्ची की हत्या कर उसका शव झाडियों के बीच फेंक दिया गया। मासूम का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीमें लगाई गयी हैं।

कौड़िया बाजार के नेवादा हाशिमपुर गांव की रहने वाली एक 8 वर्षीया बालिका शनिवार की सुबह आम बीनने के लिए घर से बाहर गयी थी लेकिन वह दोपहर तक वापस नहीं लौटी। परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। दोपहर बाद गांव के कुछ लोगों ने गांव के बाहर झाड़ियों में एक बच्ची का शव देखा, जिसकी पहचान लापता बच्ची के रूप में हुई। बच्ची का शव मिलने की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। परिजनों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गयी और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय भी मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची जांच पड़ताल के बाद साक्ष्य संकलन किया। प्रारंभिक जांच में बच्ची की हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना बेहद दुखद और चौंकाने वाली है। गांव में डर का माहौल है और लोग जल्द से जल्द सच्चाई सामने आने की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही बच्ची की मौत का असली कारण और उसके साथ हुए संभावित अपराध का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पांच टीमें लगायी गयी हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

## मां पाटेश्वरी विवि पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम 28 जून को घोषित किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों एवं एनईटी/जेआरएफ अर्ह अभ्यर्थियों का अंतिम चयन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित साक्षात्कार तिथि पर साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

ध्यान देने योग्य तथ्य है कि गत 23 जून को नवस्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक कार्यक्रम पीएचडी प्रवेश परीक्षा के रूप में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस परीक्षा का समन्वयन प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया तथा परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रो. जे.पी. पाण्डेय, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सदगुरु प्रकाश एवं डॉ. जितेंद्र की देखरेख में परीक्षा संचालन हुआ। परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शासन के नियमानुसार सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव परमानंद सिंह, एवं विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रो. पीके सिंह एवं प्रो. अरविंद द्विवेदी की उपस्थिति में परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई थी।

## लाखों की चोरी ग्रामीणों में आक्रोश

**गोंडा :** छपिया में सोहिला चौराहे पर मकान बनाकर रह रहे पारसनाथ की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती रात अज्ञात चोर अर्ध रात्रि में घर में घुस आए। घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप, महिलाओं के 3 लाख से अधिक के जेवरात तथा 50 हजार नगद उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर मामले की जांच की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इससे पहले भी चोरी की घटनाएं पारसनाथ शुक्ला के घर हो चुकी हैं। जिसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया है। पुलिस के गस्त पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। बताया जाता है पीड़ित परिवार भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी है, लेकिन इसके बाद भी पुलिस कार्रवाई करने मे हीला हवाली कर रही है। पूर्व में घटनाओं का खुलासा न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश भी है।

# किशोर को कार सवार ने रौंदा, मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुफेड़िया प्राथमिक विद्यालय के बगल इको स्पोर्ट्स गाड़ी का तेज रफ्तार का कहर दिखा है। हेयर कटिंग सैलून की दुकान चला रहे खन्नू के 14 वर्षीय पुत्र राजा की तेज रफ्तार कार के रौंदने से मौत हो गई है। तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स गाड़ी से कार सवारी टीन शेड को तोड़ते हुए दुकान के पास जा पहुंची। जहां दुकान के बाहर बैठे राजा पर तेज रफ्तार इकोस्पोर्ट गाड़ी चढ़ गई जिससे मौके पर ही राजा की मौत हो गई है।



दुकान के सामने घुसी कार क्षतिग्रस्त। अमृत विचार

▸▸ **शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी देहात कोतवाली पुलिस, शुक्रवार देर रात की घटना**

मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता खन्नू अपनी हेयर कटिंग सैलून की दुकान को छोड़कर घर पर कुछ काम के लिए गए हुए थे, अपने बेटे राजा को दुकान के बाहर देखभाल के लिए बैठा दिए थे। खन्नू घर पहुंचे ही थे की स्थानीय लोगों ने सूचना दिया कि उनके बेटे के ऊपर तेज रफ्तार इको स्पोर्ट्स गाड़ी कार चालक युवक ने चढ़ा दी है उनके बेटे की मौत हो गई है। तत्काल वह घर से साइकिल उठा करके अपनी दुकान पहुंचे जहां देखा कि उनके बेटे की मौत हो चुकी थी और उनका बेटा खून से लथपथ था। मृतक के पिता खन्नू का आरोप है कि जबरदस्ती आरोपी कार चालक द्वारा सुलह करने का दबाव बनाया जा रहा है और पुलिस द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वही जब पूरे मामले को लेकर के क्षेत्राधिकारी नगर आनंद राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हुई है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**धानेपुर, गोंडाः** धानेपुर के हरिहरपुर गांव के रहने वाले युवक की गुजरात के अहमदाबाद शहर में सड़क हादसे में मौत हो गयी।

ग्राम पंचायत रुद्रगढ़ नौसी के मजरा हरिहर पुर के रहने वाले राजू वर्मा (25) रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात प्रांत के अहमदाबाद में रहता था।



शुक्रवार को अहमदाबाद में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था ,जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। शनिवार को सुबह उपचार के दौरान दौरान मौत हो गई है। जिसके बाद घर परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी शांति देवी, बेटी अविशा, निमिषा व परिवार के अन्य सदस्यों का रो रोकर हाल बेहाल है। परिवार के लोग अहमदाबाद रवाना हो गए हैं।

# धूमधाम से निकली जगन्नाथ जी की यात्रा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचारः** शुक्रवार की देर शाम कस्बे के प्रमुख मंदिर श्री राकेश शाह मंदिर, कौशल मंदिर, भागगल शाह मंदिर, बलदेव मंदिर हनुमानगढ़ी मंदिर सहित आधा दर्जन मंदिरों से प्राण प्रतिष्ठित भगवान के विग्रह को स्नान ध्यान पूजन आरती कराकर नगर में भ्रमण कराया गया।



जगन्नाथ जी की यात्रा निकालते हुए भक्त। अमृत विचार

यात्रा का शुभारंभ मंदिर से पटपड़गंज स्थित श्री सरयू माता के दर्शन व पूजन के लिए निकला गया। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर भ्रमण कराकर यात्रा पुनः मंदिर में प्रवेश की। रथयात्रा का प्रमुख रूप से सरयू तट पर फलाहारी बाबा व श्री दक्षिणी माता मंदिर पर भव्य आरती भोग के साथ पूजन अर्चन किया गया।

## हत्या कर फेंकी गई महिला की शिनाख्त को भेजी गई जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार।** टिकरी जंगल में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मिली 30 वर्षीय अज्ञात युवती की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार, शव की शिनाख्त के प्रयास के तहत जनपद के अलावा बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या व बस्ती सहित कई जिलों के थानों को युवती के कपड़े, गहनों और शरीर पर मिले चिन्हों की जानकारी भेजी गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शव की शिनाख्त न हो पाने से जांच में दिक्कत हो रही है। हुलिया व अन्य विवरण आसपास के जनपदों को भेजे गए हैं। जांच के कई बिंदुओं पर टीमें काम कर रही हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस इस मामले को सुनियोजित हत्या मान रही है, लेकिन हत्या के पीछे का उद्देश्य अभी तक साफ नहीं हो सका है। प्रेम संबंध, घरेलू विवाद या अन्य कोणों पर जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम से कुछ अहम सुराग मिलने की उम्मीद है।

# चकमार्ग की पटाई में बाधा

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर अमोढवा ग्राम पंचायत के चकमार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर चिन्हित तो कर दिया गया, मगर अब उसकी पटाई में अड़ंगा डाला जा रहा है। ग्राम प्रधान कुसमा देवी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

▸▸ **ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से की शिकायत**

मामला विकासखंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत अमोढवा का है, जहां गाटा संख्या 430 व 458 की भूमि सरकारी चकमार्ग के रूप में दर्ज है। प्रधान ने मांग की है कि लेखपाल एवं पुलिस बल की मौजूदगी में चकमार्ग की पटाई कराई जाए। प्रभारी तहसीलदार सुभद्र प्रसाद का कहना है कि यदि भूमि सरकारी चकमार्ग की है तो पटाई अवश्य कराई जाएगी।

# नाबालिग को भगाने वाले दोषी को 10 साल की सजा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में आरोपी मोहर्रम अली उर्फ मूसे को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह सजा बलरामपुर की अपर सत्र न्यायालय/स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई।

मामला 25 सितंबर 2018 का है, जब वादिनी की तहरीर पर मोहर्रम अली उर्फ मूसे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी पर पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ला और प्रभारी मॉनिटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान ने प्रभावी पैरवी की। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने भी मामले में प्रभावी पैरवी की।

उप निरीक्षक साहेब कुमार ने मामले की विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने आरोपी मोहर्रम अली उर्फ मूसे को दोषी पाया और 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

**आस्था** मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गुंजायमान रहा।

# गुप्त नवरात्रि में देवीपाटन शक्तिपीठ में उमड़ रहे श्रद्धालु

**बलरामपुर, अमृत विचार।** गुप्त नवरात्र के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर आस्था, श्रद्धा और साधना का अद्भुत केंद्र बन गया है। शनिवार सुबह से ही श्रद्धालु मां पाटेश्वरी के दर्शन को उमड़ पड़े। मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गुंजायमान रहा।



गुप्त नवरात्रि में देवीपाटन शक्तिपीठ में मां पाटेश्वरी के दर्शन पूजन करते श्रद्धालु।

इस विशेष अवसर पर जहां एक ओर आम श्रद्धालु पूजा-अर्चना में लीन दिखे, वहीं दूसरी ओर तांत्रिक, साधु-संत और तपस्वीजन गुप्त साधनाओं में तल्लीन रहे। गुप्त नवरात्र तंत्र साधना के लिए विशेष मानी जाती है, जहां देवी के गुप्त रूपों की आराधना की जाती है। मंदिर के कोठारी योगी यादनाथ महाराज ने बताया कि साधक मां काली की आराधना के लिए एकांतवास का चयन करते हैं। यह समय साधना की गहराइयों में उतरने का होता है। योगी विशेषनाथ महाराज ने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच ध्यान केंद्रित कर साधना करना कठिन हो जाता है, इसलिए अनुभवी साधु दर्शन के बाद एकांत में साधना पूरी करते हैं और अंतिम दिन फिर मां का आशीर्वाद लेने लौटते हैं।

## अभिमुखी कार्यशाला में प्रधानों व सचिवों को दी गई अभियान की जानकारी

**कटरा बाजार, गोंडा :** शनिवार को कटरा बाजार ब्लॉक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राम लगन वर्मा ने की। इसमें यूनिसेफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ विभिन्न पंचायतों के ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक व सफाई कर्मी शामिल हुए। कार्यशाला में यूनिसेफ के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार जायसवाल ने संचारी रोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा।

## सार-संक्षेप

### दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारियों का सम्मान



कारोबारी ओमप्रकाश तिवारी का सम्मान करते विधायक। अमृत विचार

**बलरामपुर।** महान दानवीर भामाशाह जी की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने जनपद में सर्वाधिक कर देने वाले 5 व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले व्यापारियों में फर्म सर्वश्री चंद्र प्रकाश जायसवाल के चंद्र प्रकाश जायसवाल, फर्म अजय इंटरप्राइजेज के राम चरित्र, फर्म पेरिस गारमेंट कैटर्स एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स के ओम प्रकाश तिवारी, फर्म सर्वश्री मिश्रा कंस्ट्रक्शन के रवि कुमार मिश्रा और सर्वश्री सिंह टिंबर ट्रेडर्स के अपूर्व सिंह शामिल हैं। माननीय विधायक तुलसीपुर ने कहा कि महान दानवीर भामाशाह जी का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। उन्होंने कहा कि देश के उत्थान में व्यापारियों की हमेशा अहम भूमिका रही है और प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त राज्य कर और अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी फरियाद



थाना समाधान दिवस में लोगों की शिकायत सुनते एसपी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस के सामने रखीं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका निष्पक्ष निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। इस पहल से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और वे अपनी समस्याओं को लेकर थानों में आने से नहीं हिचकिचाते। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने के लिए कहा गया है।

### सीएमओ ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड उतरौला के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों इमलिया बनघुसरा , मझौआ कंद तथा गैंडास बुजुर्ग के नारायणपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। सबसे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर नारायणपुर का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रेमलता उपस्थित थीं। उनके द्वारा निरीक्षण के समय तक कुल 12 मरीजों का उपचार किया गया था। इसके पश्चात सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर इमलिया बनघुसरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रिया सागर उपस्थित थीं। उनके द्वारा निरीक्षण के समय तक ओपीडी में कुल 10 मरीजों का उपचार किया गया था। सीएमओ ने दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों का गैर संचारी रोगों का स्क्रीनिंग अवश्य किया जाए तथा जो मरीज गैर संचारी रोगों से ग्रसित हो उनका फॉलो अप जरूर किया जाए। सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर मझौआ कंद का निरीक्षण किया, एएनएम रेनू पाण्डेय उपस्थित थीं ।निरीक्षण के समय डॉ चन्द्र प्रकाश, डॉ शोएब अहमद , सिद्धार्थ गुप्ता उपस्थित रहे।

### छात्र पंचायत के अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपी क्षेत्र की समस्याएं



प्रभारी मंत्री दारा सिंह को पत्र सौंपते शिवम पांडेय।

**गोंडा :** शनिवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। उनको इटियाथोक बाबागंज रोड पर आमंत्रित किया और क्षेत्र की समस्याओं का पुलिंदा भी सौंपा। छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि कई दिनों से हम लोग रोड निर्माण को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन सुन नहीं रहा है। अभी जल्द में मंत्री ने गोंडा का दौरा किया था और वह गोंडा के प्रभारी मंत्री भी हैं। जब उनसे मीडिया द्वारा बाबागंज रोड के विषय को लेकर प्रश्न पूछा गया तो उनको कुछ पता ही नहीं था। वह रोड का नाम भी उनको नहीं पता था, जिस जिले के प्रभारी मंत्री हैं। अगर प्रभारी मंत्री को जिले की भौगोलिक या वहां पर क्या समस्या चल रही है नहीं पता है, तो दुर्भाग्य का विषय है। प्रभारी मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा है कि इस विषय पर डीएम से वार्ता हुई है और रोड निर्माण का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।

### साइबर अपराधों से निपटाने को दिया गया प्रशिक्षण

**गोंडा :** साइबर अपराधों की लगातार बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं पुलिस अधिकारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि को लेकर पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों को नई तकनीक की जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रशिक्षक ने साइबर अपराध की नवीनतम प्रवृत्तियों, तकनीकी साधनों एवं विधिक प्रक्रिया की जानकारी दी। साइबर एक्सपर्ट हरिओम टण्डन ने प्रतिभागी अधिकारियों को वर्तमान समय में हो रहे साइबर अपराधों जैसे कि फिशिंग एवं फेक लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी, ओटीपी, यूपीआई फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी लॉटरी, इनाम स्कैम, फर्जी हेल्पलाइन नंबर व तकनीकी सहायता के नाम पर ठगी, डिजिटल बैंकिंग व वॉलेट फ्रॉड, एथिकल हैकिंग व डिजिटल फुटप्रिंटिंग व डिजिटल अरेस्ट आदि सभी विषयों पर व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### पारंपरिक कारीगरों को मिलेगा मुफ्त प्रशिक्षण व मानदेय

**बलरामपुर।** पारंपरिक कारीगरों के हुनर को अब नया आयाम देने की तैयारी है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बलरामपुर जिले में 850 पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। इसके लिए उतरौला रोड स्थित धर्मपुर कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। चयनित युवाओं को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही उन्नत टूल किट और 4,000 रुपये का मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य पारंपरिक कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नानेमऊ, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक–28.06.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नानेमऊ, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर राज्यवित्त/केन्द्रीयवित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–30.06.2025 से 3.07.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन ग्राम पंचायत सचिवालय नानेमऊ, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर पर दे सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक–03.07.2025 को सायं 05:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | शाहपुर नानेमऊ पक्की सड़क से महेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 4.99लाख रुपये | प्रथम श्रेणी ईंट , ईंट गिट्टी, सीमेंट , मोरंग, बालू, इंटरलॉकिंग ईट आदि। |
| 2 | शाहपुर नानेमऊ विजयकांत व राजपति एवम शेखर के घर होते हुए तालाब तक नाली मय पटिया निर्माण | 4.99 लाख | ईट प्रथम श्रेणी ,ईट गिट्टी, मोरंग ,सीमेंट, बालू , सरिया आदि। |
| 3 | शाहपुर नानेमऊ मोहित शर्मा के घर आए अवधेश के घर तक खड़ंजा निर्माण | 2.50 लाख | ईट ( एस ओ बी) |
| 4 | नानेमऊ अन्त्येष्टि स्थल बाउंड्रीवाल रिपेयर कार्य | 4.00 लाख | ईंट, मोरंग, सीमेंट, सरिया, बालू , पेंट सामग्री आदि। |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– नानेमऊ, वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद–सुलतानपुर

सचिव, ग्रा0पं0– नानेमऊ, वि0ख0–मोतिगरपुर, जनपद–सुलतानपुर

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में पिता-पुत्र की पिटाई

**खरगूपुर, गोंडा।** बच्चों के विवाद को लेकर लाठी डंडे से हमला कर पिता पुत्र को घायल कर दिया गया। जिसमें पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। स्थानीय थाना क्षेत्र ग्राम की नूबरा के अनसुईया पत्नी अंगनू यादव ने थाने पर दिए तहरीर में कहा है कि सरवन,अर्जुन, अनिल बिट्टी पत्नी बच्छराज ने मिलकर उसे व उसके बेटे दीपक (10) को लाठी डंडा से हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा।** महिला से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि मंगलवार की रात में लगभग दो बजे वह अपने बरामदे में सो रही थी। उसी गांव के श्रवन कुमार ने घर में घुसकर गलत नियत से उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा। उसके हल्ला करने पर वह भाग निकला। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया छेड़छाड़ के मामले में उक्त युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बाइक सहित अन्य सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर (गोंडा)।** छत के रास्ते से दुकान में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम परसपुर एलहवा के बाबूराम ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि अनन्तपुर में आर्यनगर पृथ्वीनाथ रोड पर किराने की दुकान है। 16 जून की रात चोर छत से दुकान में घुसकर सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल व एक मोबाइल चुरा ले गए। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ससुर को मारने-पीटने का आरोप, केस

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंधवा कोदई बगिया निवासिनी रूबी सिंह पत्नी सोमदत सिंह ने थाने पर तहरीर दिया है कि वो अपने मायके गई थी गुरुवार रात्रि को ससुर तेज बहादुर सिंह घर पर अकेले थे। पति सोमदत्त सिंह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ आकर ससुर को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए सरिया व लाठी से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बड़े बकायेदारों के काटे गये विद्युत कनेक्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत बिजली कर्मियों ने एसडीओ विकास यादव के साथ जांच अभियान चलाकर 15 बकायेदारों से 66 हजार चार सौ रुपये का बकाया बिजली बिल जमा कराया। 7 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। बकायेदारों को बिल जमा करने के बाद ही कनेक्शन जोड़ने की हिदायत दी। एसडीओ विकास यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं के बड़ी बकायेदारी को लेकर कार्यवाही की गयी है। जांच के अवर अभियंता शिवकुमार, लाइनमैन शुभम पांडेय, महेश शर्मा, कृष्णा पांडेय आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### यूनिसेफ की टीम ने ली टीकाकरण की जानकारी

**रुपईडीह, गोंडा।** यूनिसेफ के मंडलीय समन्वयक सतीश कुमार ने जिला समन्वयक शेषनाथ सिंह के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह के दलपतपुर व मोफिया गांव का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने एएनएम द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं का किए जा रहे टीकाकरण के बारे में जानकारी हासिल की तथा टीकाकरण का प्रतिरोध करने वाले परिवारों को बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराए जाने के प्रति जागरूक किया। ब्लॉक समन्वयक श्याम कुमार सिंह, एएनएम लीलावती व ललिता पाल भी उपस्थित रही।

### दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**नवाबगंज।** कनकपुर गांव के रतनपुर मजरा निवासी संजय कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की दोपहर में करीब ग्यारह बजे पुराने विवाद व क्रिकेट खेलने की बात को लेकर हुए विवाद में गांव के रामजी यादव, राहुल यादव,लालजी यादव, विक्रम यादव, उमेश यादव, अखिलेश यादव तथा रवि यादव उसके घर पर आए और जातिसूचक गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई उनके परिवार की संजू देवी, सुमित,राजू, लवली, शनि, रोहित, सूरज तथा श्याम बाबू को भी काफी मारा पीटा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न व बलवा सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 30 से कम छात्र संख्या वाले 112 विद्यालय मर्जर के लिए चिन्हित

## विभाग ने शुरू की स्कूलों के विलय की प्रक्रिया

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को उसके नजदीकी स्कूल में विलय करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। बीएसए के निर्देश पर अब तक जिले में 112 स्कूल विलय के लिए चिन्हित किए जा चुके हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि अभी 30 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को चिन्हित किया जा रहा है।

परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष स्कूल चलो अभियान व नामांकन मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बावजूद इसके कई स्कूल ऐसे हैं जहां छात्र संख्या बेहद न्यून है। शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद छात्र संख्या का न बढ़ना बड़ा सवाल बन गया है। इस स्थिति में बदलाव के लिए



अब सरकार ने कम छात्र संख्या वाले परिषदीय स्कूलों को उसके नजदीकी विद्यालय में विलय करने का आदेश जारी किया है। सरकार का तर्क है कि इस विलय से न सिर्फ छात्र संख्या बढ़ेगी बल्कि शिक्षकों की संख्या भी स्कूलों में बढेगी। इससे शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा।

इस आदेश के क्रम में जिले के भीतर न्यून छात्र संख्या वाले स्कूलों को चिन्हित किया जा रहा है। अब तक 112 स्कूल विलय के लिए चिन्हित किए जा चुके हैं। बीएसए अतुल तिवारी का कहना है कि पहले चरण में 30 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को चिन्हित किया गया है। इन स्कूलों को उनके नजदीकी विद्यालयों में विलय किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। स्कूलों को विलय करने के सवाल पर उनका कहना है कि मर्जर इसलिए किया जा रहा है ताकि यहां पर पढ़ने वाले बच्चों को पड़ोस के विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। पड़ोस के विद्यालयों में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के अध्यापकों को भी मर्जर किया जाएगा वहां पर सभी बच्चों को सभी विषयों की अच्छे से जानकारी मिल सके।

यह कदम शैक्षिक व्यवस्था में सुधार के लिए उठाया जा रहा है। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा कम छात्र संख्या वाले स्कूलों पर होने वाले अनावश्यक खर्च को रोका जा सकेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा शिक्षकों और कर्मचारियों का भी अन्य स्कूलों में समायोजन होगा।

### विद्यालयों के पेयरिंग पर रोक लगाने की मांग

परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग पर रोक लगाने की मांग की है। अरुण सिंह का कहना है कि स्कूलों को पेयरिंग करने के शासनादेश से बच्चों तथा अभिभावकों में असमंजस की स्थित बनी हुई है। कई स्कूल तो पुराने स्कूलों से कई किलोमीटर की दूरी पर पड़ रहे हैं, जिससे बच्चों को असुविधा हो रही है, अभिभावकों को भी बच्चों को स्कूल भेजने में तमाम कठिनाइयों का सामना कर पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर कोई भी सर्वे कराए बगैर आदेश जारी कर दिया गया है जो जनहित तथा बच्चों व अभिभावकों के हित में नहीं है। उन्होने विद्यालयों के पेय रिंग के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है।

## फर्जीवाड़ा कर जमीन बैनामा कराने का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करके जमीन अपने नाम कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली में तव्वाब खाँ पुत्र मोहम्मद अली, निवासी ग्राम नरपतपुर, थाना इकौना, जनपद श्रावस्ती ने सूचना दिया कि विपक्षी से भूमि का 1/3 भाग क्रय किया था तथा शेष 2/3 भाग अन्य सहखातेदारों से भी खरीद लिया था। बैनामे की तिथि से ही वह भूमि पर काबिज व दाखिल है। त्रुटिवश विक्रेताओं में से एक शब्बीर अली का नाम खतौनी में अंकित रह गया, जिसे शब्बीर अली की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रों द्वारा फर्जी तरीके से उत्तराधिकार दिखाकर अपने नाम चढ़वा लिया गया तथा बाद में भूमि को अन्य के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया गया। जिसको लेकर कोतवाली नगर मे लईक खान आदि 06 आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को नगर पुलिस ने लईक खान पुत्र शब्बीर अली निवासी केटवाडा मजार मंडी के पास थाना कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार उत्तराखंड को गुरुनानक चौक के पास से गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# 10 फुट से अधिक बड़ी नहीं होगी ताजिया

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** वजीरगंज मे नवागत एसडीएम विश्वमित्र सिंह व सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने क्षेत्र के बड़ी तजियादारों के साथ बैठक कर ताजिये की लंबाई किसी भी दशा में 10 फुट से ज्यादा न होने का आश्वासन लिया।

थाना परिसर में बड़ी ताजिया रखने वाले तजियादारों के साथ बैठक की। बैठक में एक एक कर सभी तजियादारों से संवाद कर समस्याओं और उसके समाधान को लेकर चर्चा करते हुए सभी से सहयोग की अपील की । मुहर्रम के जुलूस में विभिन्न मुहर्रम कमेटियों द्वारा सुरक्षा समिति का गठन कर जुलूस की जिम्मेदारी देने की सलाह दी गयी जो पुलिस टीम से सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि



बैठक करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**▸▸ तरबगंज एसडीएम ने ताजियादारों के साथ की बैठक**

सभी उपनिरीक्षकों व बीट प्रभारियों को क्षेत्र के सभी ताजिया स्थलों के साथ तजियादारों का विवरण रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने थाने व सभी हल्का प्रभारियों का मोबाइल नम्बर जारी करते हुए किसी भी समस्या को लेकर तुरंत सूचना देने की अपील की । इस अवसर पर मोहम्मद,एहसान, सोनू खान, जमशेद, मोहर्रम अली आदि तजियादार मौजूद रहे।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम चौपाल के तहत लापरवाही की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर हरनाटायर गांव के लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

बीते 24 जून को मनकापुर तहसील के हरण टायर गांव में जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल का आयोजन किया था। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ तिवारी ने चौपाल में ग्राम के लेखपाल देवव्रत व्यास पर जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने, क्षेत्र में न रहने और शिकायत करने पर लोगों को धमकाने के आरोप लगाया था। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया था और उप

**▸▸ ग्राम प्रधान ने क्षेत्र में न रहने और शिकायत करने पर लोगों को धमकाने का लगाया था आरोप**

जिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। प्रशासनिक आदेश के तहत आरोपी लेखपाल देवव्रत व्यास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए नायब तहसीलदार, मनकापुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें विस्तृत आरोप-पत्र तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निलंबित लेखपाल को राजस्व निरीक्षक कार्यालय मनकापुर से संबद्ध किया गया है।

# सुनी मन की बात, रोपे पौधे, गिनाईं उपलब्धियां



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

**गौराचौकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा गौरा की संगठनात्मक बैठक ब्लॉक मुख्यालय गौरा चौकी में आयोजित हुई। इसमें विकसित भारत, अमृत काल, सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के पर विकसित भारत की संकल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। इसके बाद विधायक प्रभात वर्मा के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने पौध रोपण किया।

# जांच चलती रही, दीवार बनती रही अब छत डालने की तैयारी

संवाददाता, परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** करनैलगंज तहसील अंतर्गत ग्राम अन्दूपुर में सरकारी सीलिंग भूमि पर अवैध कब्जा कर दबंगों ने निर्माण शुरू कर दिया है। अब उस पर छत डालने की तैयारी हो रही है, जबकि लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को भेजी है लेकिन प्रशासन राजनीतिक दबाव में चुपी साधे है।

उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 154 तथा सीलिंग एक्ट 1960 की धारा 27(1) उससे संबंधित सीलिंग कानूनों के अनुसार, सीलिंग खातों की भूमि न तो बेची

**▸▸ सरकारी सीलिंग भूमि पर दबंगों का कब्जा**

जा सकती है, न स्थानांतरित की जा सकती है और न ही किसी सरकारी विभाग या निजी व्यक्ति द्वारा कब्जाई जा सकती है। ऐसे भूमि पर केवल राज्य सरकार ही पात्र व्यक्तियों को पट्टा दे सकती है।

ग्रामीण रामकुमार शुक्ल, बृजभूषण पाण्डेय, पूर्व डीएसपी आर एम दूबे, पिन्टू पाण्डेय, राम नरेंद्र पाण्डेय सहित दर्जनों लोगों के अनुसार, उन्होंने 14 जून को जिलाधिकारी और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के राजेश गुप्ता उर्फ बोड़ी सहित लगभग आधा दर्जन लोगों द्वारा अवैध कब्जे और निर्माण की स्पष्ट जानकारी दी गई थी। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते शिकायत को आज तक लंबित रखा गया।

शनिवार को गांव में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन और शासन से मांग कि अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए। दबंगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जाए। सीलिंग भूमि को कब्जा मुक्त कर पात्र जरूरतमंदों को उनका वैध हक दिया जाए तथा मनरेगा के कार्यों को गांव के मजदूरों से कराया जाय शिकायतों की जांच उच्च स्तरीय टीम से कराई जाए।

# घात लगा किसान पर किया जानलेवा हमला, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर



घायल किसान अमरेश सिंह।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम प्रतापपुर में गुरुवार शाम खेत से लौट रहे किसान पर घात लगाए बैठे गांव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया।

घटना गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे की है, जब ग्राम प्रतापपुर निवासी अमरेश सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह अपने खेत से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रा०वि० प्रतापपुर के पास घात लगाए बैठे कन्हई पुत्र श्रीराम, सुकई व राहुल पुत्र कन्धई ने उन पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले में अमरेश सिंह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल गोंडा रेफर किया गया, जहां से तीसरे दिन लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। घायल के पुत्र विपिन प्रताप सिंह ने बताया कि जब उनके पिता को थोड़ी देर के लिए होश आया तो हमलावर यह कहते चले गए कि अब इसे जिंदा नहीं छोड़ना है। इस बर्बर हमले में अमरेश सिंह के सिर सहित कई अंगों में गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अन्य धाराएं तरमीम की जाएंगी।

**पठन-पाठन** | कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए नि :शुल्क कोचिंग व्यवस्था

# अभ्युदय कोचिंग के लिए 480 छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की तरफ से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए संचालित अभ्युदय कोचिंग योजना के अंतर्गत एडमीशन के लिए शनिवार को प्रवेश परीक्षा कराई गई। इस प्रवेश परीक्षा में 480 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकार अभ्युदय कोचिंग का संचालन कर रही है। इस योजना के तहत कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं क निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती



परीक्षा की निगरानी करते जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह। अमृत विचार

है। समाज कल्याण विभाग की देखरेख में संचालित इस कोचिंग में एडमीशन के लिए शनिवार को जेल रोड स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि यूपीएससी, यूपीपीएससी की तैयारी करने के लिए 117 छात्रों तथा एसएससी व यूपीएसएससी के लिए 373 छात्र छात्राएं प्रवेश परीक्षा परीक्षा में शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र में 100 प्रश्नों का संकलन किया गया जिसमें सामान्य ज्ञान, हिन्दी, गणित व तर्कशक्ति के प्रश्नों को सम्मिलित किया गया। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 30 जून को जारी किया जायेगा। कक्षाएं एक जुलाई से प्रारंभ होंगी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार व कोर्स को-ऑर्डिनेटर रूपेश पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### समाधान दिवस में छलका दर्द, न्याय के लिए भटक रहीं महिलाएं



समाधान दिवस में जुटे फरियादी। अमृत विचार

**करनैलगंज :** न्याय की आस में दर-दर भटक रही पीड़ित महिलाओं का दर्द समाधान दिवस में छलक पड़ा। कोतवाली में आयोजित शनिवार के समाधान दिवस में पहुंचीं हलधरमऊ के बटौरा बख्तावर सिंह की निवासी ममता ने आंखों में आंसू लिए अपनी पीड़ा बयां की। उन्होंने कहा कि उनके पति की मृत्यु वर्ष 2014 में हो चुकी है और अब उन्हें अपने ही पैतृक घर में रहने से रोका जा रहा है। चौकी, थाना, तहसील सभी जगह गुहार लगाने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, कार्रवाई कहीं नहीं हुई। वहीं कादीपुर निवासी पुष्पा सिंह ने भी दबंगों के उत्पीड़न की कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि उनके खेत की पैमाइश और पत्थर नसब पहले ही हो चुकी है, बावजूद इसके विपक्षी खेत में जबरन घूर लगा रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 35 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें 33 मामले राजस्व से संबंधित रहे जबकि 2 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। हालांकि, किसी भी मामले का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका।

### समाधान दिवस में राजस्व मामलों की भरमार

**खरगूपुर, गोंडा :** समाधान दिवस में सुनवाई के दौरान 20 मामले आये। जिनमें अधिकांश रास्ता व जमीन संबंधी विवाद शामिल रहे। स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस में तहसीलदार सदर अहमद हसन व थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह की सुनवाई के दौरान भटपी के मजरा तुर्क पुरवा की सोनी पत्नी ननकू ने 40 वर्ष पहले ससुर के नाम जारी पट्टे की जमीन पर कब्जा न मिलने तो वहीं इसी गांव की किरन देवी पत्नी मालिकराम ने गांव के कुछ लोगों पर सार्वजनिक रास्ता बंद करने की शिकायत की। चौरी परिहार के छविराम वर्मा ने दो माह पूर्व सरसों के फ़सल को जबरदस्ती उठा ले जाने के मामले में कार्रवाई न होने तथा भंगहा गांव के मजरा भंगही के तिलकराम वर्मा ने बताया कि समाधान दिवस व तहसील दिवस में बैनामे की जमीन पर कब्जा न मिलने की दस बार शिकायत की लेकिन अभी तक कब्जा नहीं मिला। तहसीलदार अहमद हसन व थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि कुल 20 मामले आये। जिसमें पुलिस से संबंधित तीन मामले को मौके पर निस्तारण करा दिया गया। वहीं राजस्व से संबंधित मामले में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेज कर निस्तारण कराया जायेगा।

### महिलाओं, बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स



जानकारी के लिए जुटे बच्चे व महिलाएं। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** मोहल्ला सोना दासी पुरवा मलिन बस्ती में मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने जन जागरूकता अभियान चलाया। महिला पुलिस उपनिरीक्षक खुशबू श्रीवास्तव व कांस्टेबल अमित कुमार ने मोहल्ले की महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों को एकत्र कर साइबर अपराध, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने पढ़ने वाले बच्चों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए और अनजान कॉल्स व मैसेज से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी लालच में न आएं, न ही किसी अज्ञात नंबर से आई कॉल पर विश्वास करें। यदि कोई खुद को पुलिस या किसी विभाग का अधिकारी बताकर धमकाता है तो तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। इसके अलावा टीम ने मौजूद लोगों को हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 181, 112, 1098 आदि की जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर पुलिस तत्काल मदद करेगी।

### एक दिन पहले किया नागिन डांस, दूसरे दिन सांप ने डंसा

**नवाबगंज, गोंडा :** नवाबगंज क्षेत्र के लौव्वा बीरपुर गांव में घर में बिस्तर पर लेटे एक युवक को विषैले सांप ने काट लिया। जिससे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि सर्पदंश का शिकार हुए युवक ने एक दिन पहले नागिन गाने की धुन पर जमकर ठुमके लगाये थे। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लौव्वावीरपुर के मजरे गांव डिहवा निवासी तिलकराम (35) बीते शुक्रवार को नगीना फिल्मी धुन पर घंटों तक जमकर डांस किया था। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लेकिन तिलकराम शनिवार की सुबह करीब 10 बजे अपने घर में बिस्तर पर लेटा हुआ था। इसी दौरान उसे एक विषैले सांप ने डस लिया। हालत गंभीर देखते हुए परिजनों द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे एंटी वेनम दिया लेकिन युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डा देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्प दंश का शिकार हुए युवक को पर्याप्त एंटी वेनम देकर रेफर कर दिया गया है। गांव के लोग इस घटना को लेकर एक दिन पहले नागिन फिल्मी धुन पर डांस से जोडकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

### नैतिकता के संदेशवाहक मिस्टर इंडिया को राष्ट्रीय सम्मान

**परसपुर, गोंडा :** विकास क्षेत्र के ग्राम हरदिहा सपौर निवासी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया को उनकी विशिष्ट जादूई प्रतिभा और समाज में नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए राष्ट्रीय नैतिकता सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त त्रेतायुग फाउंडेशन नीति आयोग के माध्यम से प्रदान किया गया। जादू की दुनिया में मिस्टर इंडिया ने अपने हैरतअंगेज करतबों और अनोखी प्रस्तुतियों से देश-विदेश में एक विशेष पहचान बनाई है। वे अब तक 200 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इस हालिया सम्मान के साथ उन्होंने न केवल अपने प्रदेश उत्तर प्रदेश, बल्कि जनपद गोंडा का भी नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर ग्राम हरदिहा सपौर में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल दुबे, सहदेव चौहान, मुंशी, अजय शुक्ला प्रधान, विजय सिंह, विनोद पांडेय 'काका' और डॉ. दलजीत सिंह समेत क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



जादूगर मिस्टर इंडिया।

### शहर कांग्रेस कमेटी ने विधि परामर्श कार्यक्रम का किया आयोजन



विधि परामर्श कार्यक्रम में जुटे कांग्रेसी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** शनिवार को कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी ने विधि परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी ने किया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य आम कमजोर लोगों को न्याय दिलाना है। कांग्रेस पार्टी के विधिक सहयोग करने की निशुल्क रूपरेखा बनाया है और यह निर्णय लिया है कि सबको न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी मदद करेगी। इसके साथ ही एक सांस्कृतिक कार्यक्रम कांग्रेस भवन सभागार में ही किया गया। जिसमें तमाम इतिहासकार एवं कवियों ने कविता के माध्यम से देश की आजादी से संबंधित गीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित जनों को जानकारी दी। इस दौरान मुख्य रूप से प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, सैयद अब्दुल मुजीब, मोहम्मद वसीम सिद्दीकी, सगीर खान वाजिद अली, सुभाष चंद्र पांडे ,प्रद्युम्न शुक्ला, अर्जुन वर्मा, डॉ जफर अशफाक, भगवती प्रसाद सोनी, शादाब खान एडवोकेट, डॉक्टर जफर अशफाक, दीपक कुमार मिश्रा सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सृजन से लोकमंगल



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्त: सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्त: सुख में अंतर भी है।

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतिंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्रय-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के साथ, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदी' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है।

सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करूऊं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाषा है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

# नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।





आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

# जगन्नाथ रथ: प्रेम और शांति का संदेश



जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।

यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

# ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# डीएम के निरीक्षण में बंद मिले स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन

## एडीओ पंचायत, सचिव व सफाई कर्मी का रोका वेतन, तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खंड चित्तौरा के ग्राम फुलवरिया में संचालित आरोग्य मंदिर एवं आंगनबाड़ी केंद्र, ब्लॉक रिसिया के ग्राम लौकी में सामुदायिक शौचालय, ग्राम बिबियापुर के आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय, ग्राम भोपतपुर चौकी में सामुदायिक शौचालय, ग्राम खुदादादभारी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा ग्राम बंगलाचक में पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम फुलवरिया में संचालित आरोग्य मंदिर के परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराज़गी व्यक्त की। मौके पर सीएचओ मौजूद पाई गईं। उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर में अब तक 5 मरीजों का उपचार किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरोग्य मंदिर में आने वाले ग्रामवासियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के समय ग्राम का आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। ग्राम लौकी का सामुदायिक शौचालय बंद मिला। ग्राम बिबियापुर का आंगनबाड़ी केंद्र खुला था, लेकिन प्राथमिक विद्यालय बंद मिला। आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद कार्यकत्री से बच्चों की उपस्थिति तथा पुष्टाहार वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि घर-घर जाकर लाभार्थियों का केवाईसी एवं फेस ऑथेंटिफिकेशन की प्रक्रिया समय से पूर्ण कराई जाए। ग्राम भोपतपुर चौकी में स्थापित सामुदायिक शौचालय, ग्राम खुदादादभारी का पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा ग्राम बंगलाचक में पंचायत भवन भी निरीक्षण के दौरान बंद मिले। निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए विद्यालयों के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, सामुदायिक शौचालयों एवं पंचायत भवनों में ताले लटके पाए जाने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, सफाईकर्मी एवं अन्य जिम्मेदारों का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने तथा तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने चेताया है कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि बंद पाए गए शौचालयों के संबंध में केयरटेकर से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए।

**कार्रवाई**

▸▸ डीएम ने बीएसए से बंद विद्यालयों के संबंध में कारण सहित मांगी आख्या

# प्रेमी संग फरार हुई पत्नी पुलिस कर रही टालमटोल

जिला संवाददाता, बहराइच

▸▸ पीड़ित ने पुलिस पर लापरवाही व आरोपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है

**अमृत विचार:** पयागपुर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता के कथित रूप से अपने प्रेमी के साथ फरार हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति संजय मिश्रा का आरोप है कि पुलिस एक सप्ताह बीतने के बावजूद न तो उसकी पत्नी को बरामद कर सकी है और न ही आरोपी के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई हुई है।

संजय मिश्रा की शादी 5 जून 2025 को सेमरियावां निवासी शेषराज पांडेय की नाबालिग पुत्री से वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई थी। कुछ दिन ससुराल में बिताने के बाद पत्नी मायके लौट गई थी। 20 जून को जब संजय अपनी पत्नी को पुनः विदा कराकर सेमरियावां से अपने घर गोंडा ले जा रहा था, तभी रास्ते में पयागपुर बाजार स्थित बस स्टैंड पर उसकी पत्नी ने साड़ी खरीदने का आग्रह किया। संजय ने पत्नी की पसंद से साड़ी खरीदकर उसे दी, लेकिन जब उसने दुकानदार को भुगतान कर पीछे मुड़कर देखा तो उसकी पत्नी गायब थी। साथ ही वह अपने साथ सोने के जेवरात और सेमसंग कंपनी का टच मोबाइल भी ले गई थी।काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो संजय ने ससुराल में जानकारी ली, जहां पता चला कि पटिहाट गांव निवासी सचिन कुमार पांडेय के साथ वह फरार हो गई है। संजय का कहना है कि पुलिस को नामजद तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने अपहरण की जगह सिर्फ गुमशुदगी का मामला दर्ज किया। पीड़ित ने पुलिस पर लापरवाही और आरोपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है। इंसाफ की मांग करते हुए संजय मिश्रा ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह राजभवन के सामने आत्मदाह करेगा।

## सार-संक्षेप

### सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को किया सम्मानित



व्यापारी को सम्मानित करतीं सदर विधायक अनुपमा जायसवाल। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** दानवीर भामाशाह जी की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल द्वारा जनपद के सर्वोच्च राजस्व करदाता व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, डिप्टी कमिश्नर चन्द्रकेश गौतम सहित अन्य अधिकारियों ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विधायक ने जिले के सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सुदेश इंडस्ट्रीज प्रा. लि., कृष्णा एण्ड कम्पनी, सुरेश ऑटो सेल्स प्रा. लि., दिलीप बिल्डकान लि. एवं घिड़िया एग्रो प्रा. लि. के स्वामियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक अनुपमा जायसवाल ने दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित व्यापारियों से प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान में भाग लेने तथा वृक्षारोपण अभियान को गति देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गौरी शंकर भानीरामका, निर्यातक अशोक मातनहेलिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, जिला महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, युवा महामंत्री पीयूष मातनहेलिया, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, साल्वेक्स एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद टेकड़ीवाल सहित विकास मलानी, अमन अग्रवाल एवं अन्य उद्यमी, व्यापारी तथा जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त विजय वर्मा, संदीप सिंह, अमित अग्रवाल व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

▸▸ व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनायी गई भामाशाह की जयंती

### योग को प्रोत्साहित करने वाले सम्मान योग्य : डॉ.एसपी सिंह



शाश्वत फाउंडेशन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित ।

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में योग को बढ़ावा देने वालों का बड़ा योगदान है। इनके प्रोत्साहन से लोग अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग का सहारा ले रहे हैं। यह विचार किसान पीजी कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एसपी सिंह ने योग के क्षेत्र में जिले में योगदान देने वाले प्रेरकों को सम्मानित करने के लिए शाश्वत फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन व संचालन डॉ.सत्यभूषण सिंह ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। मौके पर डॉ.सत्यम सिंह योग शिक्षक, जय प्रकाश वर्मा योग शिक्षक, सविता वर्मा योग शिक्षक, दिनेश कुमार शुक्ल शिक्षक, सूरज शुक्ल समाजसेवी, पंकज सिंह एन सी सी, मनीराम वर्मा गायत्री परिवार, पत्रकार हेमंत मिश्र विभाकर शुक्ल, संतोष श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, अनीस सिद्दीकी गुड्डू फोटो जर्नलिस्ट, संतोष सिंह शिक्षक शारीरिक शिक्षा, गोविंद मिश्र खेल शिक्षक, अटल सिंह खेल शिक्षक, डॉ. धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी रोवर्स रेंजर्स, डॉ. अजय प्रताप सिंह एनएसएस, अमन श्रीवास्तव केडीसी क्रिकेट एकेडमी, रेनू श्रीवास्तव समाजसेविका, डॉ.अर्चना निगम शिक्षक, पल्लवी वर्मा, निधि शुक्ला, अलीशा चौधरी, कल्पना शुक्ला व फलक जायसवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### थाना समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनीं फरियादें

**नानपारा (बहराइच) अमृत विचार :** थाना नानपारा में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार अम्बिका चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में पहुंचे सिसवारा निवासी राम कुमार ने शिकायत करते हुए कहा कि विपक्षी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर घर बना रहे हैं और विरोध करने पर मारपीट कर रहे हैं। इस पर तहसीलदार ने संबंधित राजस्व व पुलिस अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, ईटहा चमारन पुरवा निवासी राम निवास ने बताया कि विपक्षियों ने चकरोट पर मिट्टी डाल दी है और लेखपाल द्वारा नापी गई जमीन से खूंटे आदि उखाड़ फेंके हैं। इस पर भी मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मौके पर थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक आलोक सिंह, राजस्व विभाग से मनीष, विक्की, मनीष आर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चारा काटने गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** थाने से थोड़ी ही दूर खेत में खेत में चारा काटने गई महिला का शव पाया गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के गोदहिया नंबर दो के मजरा मंगल मेला निवासी रीना पत्नी सहजराम शनिवार दोपहर करीब 1 बजे घर के पास ही खेत में जानवरों के लिए चरी काटने गई थी। काफी देर हो जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने रीना की तलाश तो रीना का शव खेत मिला पड़ा। रीना के पास मौजूद मोबाइल गायब है। रीना के चेहरे कंधे और हाथों पर कई गहरी चोट के निशान मिले हैं। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने रीना की गला दबाकर हत्या कर दी है। परिजनों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचित कर दिया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात बहराइच गोंडा रेल प्रखंड स्थित पंडित पूरवा सरसा के पास एक 33 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत बहराइच गोण्डा रेल प्रखंड पर शुक्रवार की रात पंडित पुरवा सरसा के पास थाना रानीपुर, गौडरिया निवासी 33 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र सहज राम की माल गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को सूचित कर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए बहराइच भेज दिया ।

### छह लोगों के खातों में भेजी 13.75 लाख की राशि

**बहराइच, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि कई आपदाओं के अन्तर्गत जिले के छह व्यक्तियों के बैंक खातों में सहायता धनराशि 13 लाख 75 हज़ार की बैंक खातों में 27 जून को हस्तान्तरित कर दी गई। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के एक व्यक्ति के बैंक खाते में पशु सहायता के रूप में रू. 37,500, तहसील महसी के एक व्यक्ति के बैंक खाते में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 4,00,000 व तीन व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता के रूप में रू. 4,37,500 तथा तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत एक व्यक्ति के बैंक खातें अहैतुक सहायता के रूप में रू. 5,00,000 इस प्रकार के 6 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 13 लाख 75 हज़ार की धनराशि संबंधित के बैंक खातों में हस्तान्तरित की गई है।

# पूरे दिन गायब रही बिजली, बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

## भीषण गर्मी में रहा नागरिकों का बुरा हाल, इनवर्टर डिस्चार्ज से लोगों के मोबाइल भी बंद, दुकानों के शटर गिरे

जिला संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में भीषण गर्मी से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस चिलचिलाती गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

शनिवार की सुबह से ही घंटाघर पावर स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। तेज गर्मी में आमजन बेहाल नजर आए। हालात इतने खराब हो गए कि लोगों के घरों में पीने का पानी तक नहीं बचा। घर के भीतर और बाहर दोनों जगह परेशान नागरिक बिजली विभाग को कोसते रहे।

सबसे गंभीर बात यह रही कि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की ओर से न तो बिजली कटौती का कारण बताया गया और न ही यह सूचना दी गई कि आपूर्ति कब तक बहाल होगी। दिनभर घंटाघर फीडर से जुड़े इलाके अंधेरे में डूबे रहे। इस बिजली संकट का असर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी पड़ा। कई दुकानदारों ने गर्मी और बिजली न होने की वजह से अपनी दुकानें बंद कर दीं। गारमेंट का काम करने वाले शिवकुमार रस्तोगी ने बताया कि दुकान के भीतर गर्मी से हालत बेहद खराब है, न कर्मचारी रुक पा रहे हैं और न ही ग्राहक। वहीं प्रकाश होटल संचालक ने बताया कि पानी की अनुपलब्धता के कारण होटल खोलना संभव नहीं था, इसलिए उसे बंद करना पड़ा। बिजली न होने से इनवर्टर डिस्चार्ज हो गए और लोगों के मोबाइल भी बंद हो गए, जिससे लोगों का संपर्क साधन भी बाधित हुआ। दोपहर करीब तीन बजे बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बहाल हुई, लेकिन मुश्किल से पांच मिनट बाद फिर से कट गई और देर शाम तक सामान्य नहीं हो सकी।

### नानपारा में भी बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

**नानपारा, अमृत विचार :** बहराइच नानपारा में गर्मी बढ़ने के साथ पूरे शहर में बिजली कटौती से हाहाकार कर मचा हुआ है। गांव के साथ शहरों में भी या समस्या बनी हुई है। चौक प्रथम क्षेत्र में 24 घंटे से ऊपर से बिजली आपूर्ति की समस्या से स्थानीय निवासी परेशान हैं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा ट्रांसफार्मर जल जाने से 24 घंटे से लोग अंधेरे में है बीते शुक्रवार को रिसिया से ट्रांसफार्मर मंगाया था वह भी 4 घंटे के बाद खराब हो गया आज सुबह 4 बजे से फिर से बिजली आपूर्ति बाधित है, इस फीडर पर आधी नानपारा की आबादी निर्भर है। चौक प्रथम फीडर पर कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। इनमें कोतवाली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और शिक्षा विभाग शामिल हैं। विद्युत विभाग का कार्यालय भी इसी फीडर पर स्थित है। सबसे ज्यादा प्रभावित स्वास्थ्य विभाग है, यहां के अधीक्षक डॉ चंद्र भान राम ने बताया कि अस्पताल में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक सेवाएं पूरी तरह बंद हैं, चिकित्सक किसी तरह मरीजों का इलाज कर रहे हैं तथा तीमारदार, मरीज व यहां के स्टॉफ बिजली कटौती से काफी परेशान है। स्थानीय नागरिकों ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड को एक संयुक्त शिकायत पत्र भेजा है। पत्र में बार-बार होने वाली बिजली कटौती को रोकने की मांग की गई है। विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जे ई ओम प्रकाश ने बताया कि ट्रांसफार्मर जला नहीं केबल जल गई थी जिसे सही करवाया जा रहा है जल्द ही सप्लाई दी जाएगी ।

### आप करते रहिये फोन साहब तो नहीं उठायेंगे

शनिवार को घंटाघर फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली कटौती से परेशान नागरिक जब जानकारी लेने को पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को फोन करते रहे, तो किसी ने फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझा। जूनियर इंजीनियर (मो. 9415662996) और सहायक अभियंता शंभू नाथ (मो. 9415663104) के नंबरों पर कई बार कॉल की गई, लेकिन जवाब नहीं मिला। काफी देर बाद जब जूनियर इंजीनियर ने फोन उठाया भी, तो बोले–बहुत फोन आ रहे हैं, क्या करूं। बिजली कटौती के बारे में उन्होंने बताया कि "रात में लाइन डिस्टर्ब हुई थी, काम चल रहा है, एक घंटे में सप्लाई बहाल हो जाएगी। हालांकि इस बातचीत को तीन घंटे बीत चुके हैं, लेकिन बिजली अब तक नहीं आई है। नागरिकों का गुस्सा अब अधिकारियों की गैरजवाबदेही को लेकर और बढ़ता जा रहा है।

### किसानों को जैविक खेती के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार, पयागपुर (बहराइच) :** नगर पंचायत क्षेत्र कांधीकुइयां में शनिवार को कृषि एवं उद्यान विभाग की संयुक्त पहल पर किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव और जैविक खेती की महत्ता के प्रति जागरूक किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने कहा कि आज बाजार में मिलने वाले अधिकतर चमकदार और हरे रंग के फल एवं सब्जियाँ रासायनिक तत्वों के अंधाधुंध प्रयोग का नतीजा हैं, जो सेहत के लिए मीठा ज़हर बन चुके हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे जैविक खेती और बागवानी को अपनाएं और रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का कम से कम प्रयोग करें। श्री वर्मा ने फेरोमोन ट्रैप, सोलर लाइट ट्रैप जैसी आधुनिक व जैविक विधियों से कीट नियंत्रण को प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का प्रयोग किसानों के लिए लाभकारी होगा और उपज भी सुरक्षित रहेगी।

### विद्यालय मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**कैसरगंज (बहराइच), अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई कैसरगंज ने विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों के मर्जर (युग्मन) के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ का आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर दबाव बनाकर अभिभावकों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं, जो निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। संगठन ने 16 जून 2025 को जारी मर्जर आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। महासंघ का कहना है कि यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और इससे शिक्षक समुदाय के अधिकारों का हनन हो रहा है। ज्ञापन में चयन वेतनमान सहित लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की भी मांग की गई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, महामंत्री बृजेश प्रताप चौधरी, कोषाध्यक्ष अरविंद शुक्ल, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद शर्मा, उपाध्यक्ष प्रभात कुमार शुक्ल, संगठन मंत्री मनीष कुमार सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## बालकों के मामले में अपनाएं मानवीय दृष्टिकोण : सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष

**बहराइच, अमृत विचार:** विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की समन्वय समिति की बैठक पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई। बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने सभी से अपेक्षा की कि बालकों के मामले में सभी संबंधित लोग मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने कहा कि इनके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय इसे अपना नैतिक दायित्व समझा जाना चाहिए। सीडब्लूसी अध्यक्ष समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से 2027 में यूपी को बाल श्रम मुक्त किए जाने का लक्ष्य लिया गया है और वर्तमान समय में बाल श्रम एवं बाल विवाह के विरुद्ध जनपद समेत पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हम सभी का उत्तरदायित्व है कि हम बाल विवाह एवं बाल श्रम को अपने जनपद से मुक्त कराने हेतु इस अभियान में पूर्ण सहभागिता निभाएं।

## कमीशन कटौती पर बैंक मित्रों ने कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

**बहराइच, अमृत विचार:** बैंक मित्रों से संबंधित संस्था सीएसपी वेलफेयर एसोसिएशन ने तीन सूत्रीय मांग पत्र जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा । मांग पत्र को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को प्रेषित करें। उक्त मांगपत्र में संस्था के बहराइच जिलाध्यक्ष विजय राज शुक्ल ने बैंक मित्रों के कमीशन में लगातार हो रही कटौती, वर्तमान कमीशन में असंतोषजनक स्थिति व बैंक की अन्यायपूर्ण नीतियों पर असंतोष व्यक्त करते हुए उचित कमीशन संरचना पर पुनर्विचार, उपकरणों की अनिवार्यता समाप्त करने सहित बैंक की नीतियों की समीक्षा और सुधार की मांग की। उक्त अवसर पर सीएसपी वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक कुमार सिंह, बैंक मित्र सुहैब अहमद सहित जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हमजा शफीक उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

4. 1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5. 1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9. 1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10. 1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2. 1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3. 1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7. 1. छोटी लता 2. बेल।

8. 1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



### वर्ग पहेली -15 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |

### सुडोकू - 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** – आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

**वृष** – आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

**मिथुन** – आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कर्क** – आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

**सिंह** – आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या** – आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

**धनु** – आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** – आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन** – आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

# मजदूरों की कमी पर नाराज हुए जिलाधिकारी

## डीएम ने लम्भुआ नगर पंचायत की पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण, पाइप की गुणवत्ता की जांच के निर्देश

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने शनिवार को लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लंभुआ गामिनी सिंगला भी मौजूद रहीं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा बिछाई जा रही पाइपलाइन और बोरबेल निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि पाइप की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी जांच कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित किया कि पाइप का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए भिजवाया जाए। कार्यस्थल पर मजदूरों की कम उपस्थिति देखकर उन्होंने कार्यदायी संस्था को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।


निरीक्षण के दौरान पाइप की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते डीएम। अमृत विचार

### 52 सौ घरों को मिलेगी जलापूर्ति

नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस परियोजना से 5200 घरों और लगभग 31,400 जनसंख्या को लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत 8 बोरबेल, और 116 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जानी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, जिससे लोगों को शीघ्र स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके।

### बीमार पशुओं के लिए अलग बाड़े के निर्माण के निर्देश

**लंभुआ :** निरीक्षण के दौरान लम्भुआ विकासखंड स्थित निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का भी जिलाधिकारी ने जायजा लिया। दो शेड में 70 गोवंश (40 नर, 30 मादा) संरक्षित पाए गए, जबकि अन्य दो शेड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने गोवंशों की साफ-सफाई, चारा-पानी, छाया, चिकित्सा सुविधा, टीनशेड और दैनिक विजिट रजिस्टर की स्थिति की समीक्षा की। 15 जून को हुई एक पशु मृत्यु के बारे में पूछताछ की गई, जिसे मानक प्रक्रिया से निपटाया गया था। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि तीन शेडों में 300 गोवंश रखने की व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने बीमार गोवंशों के लिए अलग बाड़े के निर्माण, सीसीटीवी कैमरा लगाने और आसपास के आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखने के निर्देश दिए।

# जन्मतिथि में गड़बड़ी पर शिक्षक निलंबित, मामला कोर्ट पहुंचा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर, **अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय हरिशचंद्रपुर, कादीपुर में तैनात सहायक अध्यापक गंगाराम को शैक्षिक अभिलेखों में विभिन्न जन्मतिथियां दर्शाने और विभाग को गुमराह करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की जांच बीईओ धनपतगंज को सौंपी गई है, जबकि शिक्षक ने निलंबन के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, खंडपीठ लखनऊ में रिट याचिका दाखिल की है।

शिकायतकर्ता राजनरायण निवासी सलाहुद्दीनपुर, अंबेडकरनगर द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर की गई। जांच में

**▸▸ एक ही व्यक्ति की अलग-अलग जन्मतिथि मिलने पर कार्रवाई**

यह सामने आया कि गंगाराम ने कक्षा 5, हाईस्कूल (अनुत्तीर्ण व उत्तीर्ण), संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाओं और स्नातक तक विभिन्न जन्म तिथियां दर्ज कराई थीं, कहीं 1988, कहीं 1990 और कहीं 1992। बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति के लिए दाखिल स्नातक प्रमाणपत्र में जन्मतिथि 05.07.1992 दर्शाई गई है, जबकि पहले के अभिलेखों में यह मेल नहीं खाती। संशोधन हेतु न्यायालय की अनुमति प्राप्त करने के बावजूद संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ ने उक्त प्रत्यावेदन को आधारहीन बताते हुए अस्वीकार कर दिया।

## एक नजर

### युवती के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने नामजद केस दर्ज किया है। घटना के अनुसार, युवती 23 जून की सुबह करीब 5 बजे घर से बाहर निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर जब कोई सुराग नहीं मिला तो शुक्रवार को युवती के चाचा ने कंदवारे हासापुर गांव निवासी सूर्यभान उर्फ भगत के खिलाफ अपहरण का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### पुलिस ने 22 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोस्तपुर व धम्मौर से 7-7, जयसिंहपुर व धनपतगंज से 3-3 तथा कोतवाली देहात से 2 अभियुक्त पकड़े गए। सभी को न्यायालय भेजा गया। यह जानकारी पुलिस मीडिया सेल की ओर से दी गई।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर विभागों को दिए निर्देश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. भारत भूषण की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर विकास भवन में अंतर विभागीय बैठक हुई। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए शिक्षा, पशुपालन समेत विभागों को निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने लंभुआ ब्लॉक में संवेदीकरण न होने पर नाराजगी जताई। यूनिसेफ प्रतिनिधियों ने संचारी रोग डैशबोर्ड और ई-कवच पोर्टल की जानकारी दी। साथ ही आशाओं को आभा आईडी निर्माण हेतु क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए गए।

# सही रेट पर खाद मिले तो तय दर पर करेंगे बिक्री

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के खाद-बीज फुटकर विक्रेताओं ने शनिवार को बीज व्यापार संघ के बैनर तले एकजुट होकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौंपा। व्यापारियों ने ज्ञापन में कृषि विभाग द्वारा की जा रही निरंतर छापेमारी और लाइसेंस निलंबन व मुकदमेबाजी को अनुचित बताते हुए उत्पीड़न का आरोप लगाया।

व्यापारियों का कहना है कि उर्वरक कंपनियां उन्हें यूरिया, डीएपी और एनपीके महंगे दर पर उपलब्ध कराती हैं, जबकि सरकार उन्हें निर्धारित रेट पर किसानों को बेचने का निर्देश देती है। व्यापारियों ने सवाल उठाया कि जब थोक विक्रेता टैगिंग के जरिए उर्वरक देते हैं, तो फुटकर व्यापारियों को भी मजबूरी में वही माल बेचना पड़ता है। लेकिन किसानों की शिकायत पर सीधे फुटकर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। ज्ञापन में व्यापारियों ने यह भी कहा कि कृषि विभाग द्वारा कीटनाशक दवाओं के सैंपल भरकर फुटकर विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाती है, जबकि उत्पादन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया जाता। फुटकर विक्रेता तो केवल पैक माल की बिक्री करते हैं।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपतें बीज खाद व्यापार संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**▸▸ बीज खाद व्यापार संघ ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

**▸▸ कृषि विभाग पर लगाया उत्पीड़न का आरोप**

### व्यापारियों की मांगें

व्यापारियों ने मांग की है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे किसानों को बिना नुकसान के उचित मूल्य पर उर्वरक दे सकें। साथ ही उन्होंने विभागीय जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने की भी अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले भर से सैकड़ों खाद-बीज व्यापारियों की उपस्थिति रही। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उत्पीड़न नहीं रुका तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# जेठानी ने की थी देवरानी की हत्या

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के देवलपुर गांव में चार दिन पहले एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जब पुलिस ने गहराई से जांच की तो सामने आया कि विवाहिता की हत्या उसकी जेठानी ने की थी। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना बीते बुधवार शाम की है, जब रीता सिंह पत्नी अर्जुन सिंह ने अपनी देवरानी सविता सिंह (37) पत्नी मुकेश सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हत्या पेटीकोट से गला कसकर की गई, जिसे बाद में बरामद कर लिया गया है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि एक दिन पहले घरेलू विवाद के चलते सविता ने जेठानी की पिटाई कर दी थी, जिससे नाराज़ होकर आरोपी महिला ने सुनियोजित ढंग से घटना को अंजाम दिया। हत्या के समय घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। मृतका के पति रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर थे, जबकि बच्चे कोचिंग गए हुए थे।


सविता सिंह की फाइल फोटो।

**▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा आरोपी महिला गिरफ्तार**

मृतका की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बच्चे अर्पित उर्फ कल्लू (8) और पलक (11) हैं। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पुलिस ने मृतका के भाई आदित्य सिंह, निवासी चक भतड़ी, थाना रानीपुर, जिला मऊ की तहरीर पर धारा 302 आईपीसी में मुकदमा दर्ज कर रीता सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि आरोपी महिला को जिला न्यायालय भेजा गया है।

# करदाताओं व व्यापारी नेताओं को किया सम्मानित

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद में दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर 'व्यापारी कल्याण दिवस' का आयोजन शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य रूप से किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के प्रमुख करदाताओं, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में दिए गए संबोधन के प्रसारण से हुई। इसके पश्चात जिलाधिकारी कुमार हर्ष, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एस. सुधाकरन, सहायक आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर लोहित शरण सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जनपद के शीर्ष 5 करदाताओं विजय कंस्ट्रक्शन इंडिया प्रा. लि. (शिव शंकर सिंह), मीत एसोसिएट्स (बलदेव सिंह), रतनदीप मोटर्स (दीपक जैन), श्री तिरुपति डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लि. (मनीष अग्रवाल), और राज कंस्ट्रक्शन (रेखा जी) को प्रशस्ति पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीगण रवींद्र त्रिपाठी (प्रदेश महामंत्री), हिमांशु मालवीय (प्रदेश मंत्री), अनूप श्रीवास्तव (प्रदेश संगठन मंत्री), अलीमुद्दीन (राष्ट्रीय अध्यक्ष), व मोहम्मद इलियास (जिला महामंत्री) को 'भामाशाह सम्मान' मोमेंटो प्रदान किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कहा कि भामाशाह जैसे महापुरुषों का जीवन आज भी प्रेरणादायी है। उन्होंने उद्यमियों और युवाओं से आह्वान किया कि वे भामाशाह के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें और समाज के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में लखनऊ से आए कलाकार हरिप्रसाद और उनकी टीम द्वारा भामाशाह के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।


व्यापारी नेता हिमांशु मालवीय को सम्मानित करते डीएम कुमार हर्ष। अमृत विचार

**▸▸ भामाशाह जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन**

# साले की शादी में दी गई उधार की रकम मांगना पड़ा महंगा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के तवक्कलपुर नगरा गांव में एक व्यक्ति को अपने साले की शादी में उधार दिए पैसे वापस मांगना भारी पड़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने ससुराल पक्ष को बुलाकर पति की पिटाई करवा दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित प्रमोद रंजन ने बताया कि उसने अपने साले की शादी में 20 हजार रुपये ऑनलाइन उधार दिए थे। आरोप है कि चार जून की रात करीब 9 बजे जब उसने पैसे वापस मांगे तो पत्नी ममता कुमारी से विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी ने अपने मायके वालों को बुला लिया। आरोप है कि सुरेश कुमार, विपिन कुमार, आशा देवी और ममता कुमारी ने मिलकर प्रमोद की लात-घूंसे और डंडे से पिटाई की। इतना ही नहीं, पीड़ित को यह धमकी भी दी गई कि अगर उसने शिकायत की तो उस पर दहेज उत्पीड़न का केस लगवाकर जान से मरवा दिया जाएगा।

**▸▸ पत्नी और ससुराल पक्ष ने पीटा 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

प्रमोद रंजन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जौनपुर जिले के सरपतहा थाना अंतर्गत सारी गांव निवासी सुरेश कुमार, विपिन कुमार, आशा देवी और पत्नी ममता कुमारी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### एमपी सीएम के ससुर का भाजपा जिलाध्यक्ष ने जाना हालचाल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 98 वर्षीय ससुर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता ब्रह्मादीन यादव की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा मेडिकल कॉलेज पहुंचे और ब्रह्मादीन यादव का हालचाल जाना। भाजपा नेताओं ने वहां मौजूद सीएमएस डॉ. आर.के. मिश्रा एवं परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी के अनुसार ब्रह्मादीन यादव आईसीयू के बेड नंबर 332 पर भर्ती हैं और उनकी स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की ससुराल सुलतानपुर शहर के शास्त्रीनगर स्थित विवेकानंद नगर में है। ब्रह्मादीन यादव को बीते 24 जून को सांस और पेट संबंधी दिक्कतों के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भाजपा नेताओं ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य के लाभ की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।


मेडिकल कॉलेज में एमपी के मुख्यमंत्री के ससुर का हालचाल लेने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### भाजपा नेता ने किया पौधों का वितरण

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पौधारोपण दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी भदैंया मंडल की ओर से शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष रोहित यादव के आवास पर पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों को 400 फलदार पौधे वितरित किए गए। वितरित पौधों में आम, जामुन और आंवला शामिल हैं। रोहित यादव ने बताया कि वन विभाग से कुल 1000 पौधे आने थे, जिनमें से शुक्रवार को 400 पौधे प्राप्त हुए हैं। शेष पौधों के आगमन पर और भी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और जनहित में उपयोगी बताया। पौधारोपण दिवस पर रविवार को भव्य पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।


पौधरोपण दिवस से पहले भाजपा मंडल ने बांटे 400 फलदार पौधे। अमृत विचार

### पुरानी रंजिश में पिता-पुत्रों को पीटा, 3 पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के असईपुर गांव में पुरानी रंजिश में हुई मारपीट पिता और दो पुत्र घायल हो गए। पीड़ित सौरभ कुमार मिश्र का आरोप है कि वह खेत में गिरी हुई लकड़ी को हटा रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ विपक्षियों ने सौरभ पर ईंट और डंडों से हमला कर दिया गया। बीच-बचाव करने आए उनके भाई गौरव मिश्र और पिता विनोद कुमार मिश्र को भी हमलावरों ने घर में घुसकर बुरी तरह पीटा। घटना की सूचना पर कादीपुर पुलिस ने सौरभ मिश्र की तहरीर पर गांव के नरेंद्र प्रताप मिश्र, शिवाशीष उर्फ कन्हैया, एवं कंचन देवी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, ममेरा भाई गंभीर

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनकेपुर गांव के पास शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, अमन श्रीवास्तव (24) पुत्र विनोद श्रीवास्तव निवासी धम्मौर अपने ममेरे भाई हर्षित श्रीवास्तव (24) को अमहट छोड़ने जा रहा था। रास्ते में बनकेपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां अमन श्रीवास्तव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल हर्षित को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### तालाब में गिरने से युवक की मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में शनिवार सुबह मछली पकड़ने गए एक युवक की तालाब में गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय उमेश कुमार वर्मा के रूप में हुई है, जो गांव के साधोभारी मजरे के निवासी थे। बताया जा रहा है कि उमेश एक स्थानीय युवक के साथ तालाब में मछली पकड़ने गए थे, तभी कीचड़युक्त तलहटी में फिसलकर गिर पड़े। पानी कम था लेकिन कीचड़ अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सके। साथी युवक ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला और कूरेभार सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉ. प्रयेश दीक्षित ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा। उमेश खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मंगेतर ने युवती को पीटा विवाह टूटने से था नाराज़

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** संजू पुत्री दशरथ की शादी जौनपुर जिले के सरपतहा थाना अंतर्गत रुदौली गांव निवासी रवि से 4 मई 2025 को तय हुई थी। लेकिन इस बीच रवि पूजा नामक एक अन्य युवती को लेकर फरार हो गया। इस पर युवती के पिता दशरथ ने अपनी पुत्री की शादी दूसरी जगह तय कर दी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर रवि, अपने कुछ साथियों के साथ 26 जून की रात लगभग 9 बजे संजू के घर पहुंचा और उसके साथ मारपीट की। जब संजू डरकर घर के भीतर भागी, तो आरोपी घर में घुस आया और वहीं भी लात-घूंसे बरसाए। हमलावरों ने घर में मौजूद घरेलू सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही शुक्रवार को पुलिस ने रवि (रुदौली, जौनपुर), दिवाकर (विरैला गांव) तथा पांच अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोमल ने कबड्डी में चमकाया जिले का नाम

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद की बेटियों की प्रतिभा अब राष्ट्रीय पटल पर लगातार परचम लहरा रही है। कुड़वार निवासी कोमल यादव का चयन अंडर-18 राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 28 जून से हरिद्वार में आयोजित हो रही है।

कोमल के पिता स्व. हृदय राम यादव रेलवे से सेवानिवृत्त थे। उनके निधन के बाद भाई धर्मेंद्र यादव ने बहन की जिम्मेदारी संभाली। कोमल ने प्राथमिक शिक्षा परिषद के विद्यालय से ग्रहण की और इसके बाद स्पोर्ट्स कॉलेज आगरा में दाखिला लिया, जहां से उन्होंने शैक्षणिक और खेल दोनों स्तरों पर खुद को निखारा। राज्य स्तरीय विद्यालयी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने गत वर्ष सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस समय कोमल सत्रावकाश में कबड्डी कोच राजकुमार सरोज की देखरेख में जिले के एमजीएस ग्राउंड पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वहीं से उनका चयन प्रदेश स्तरीय कैंप के लिए हुआ जो हाल ही में वाराणसी में आयोजित हुआ। कैंप के उपरांत कोमल को हरिद्वार में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अंतिम चयन मिला है। कोमल के चयन पर प्रधानाचार्य महेश सिंह, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, एथलेटिक्स संघ सचिव बाबादीन चौधरी, व्यायाम शिक्षक राजेश कनौजिया, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, हॉकी संघ सचिव तारिक वसीम, फुटबॉल संघ सचिव एम.एस. बेग, शिवम सिंह, मुनेन्द्र मिश्र, कोच राजकुमार, भाई धर्मेंद्र यादव, प्रवीण मिश्र और नूरैन ने खुशी जाहिर की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


कोमल यादव। अमृत विचार

**▸▸ राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी में हरिद्वार के लिए हुआ चयन**

**कार्यक्रम** मुफ्ती अब्दुर रहमान ने हजरत अबू बक्र सिद्दीक के जीवन पर डाला प्रकाश

# 'शोहदा-ए-इस्लाम जलसा' का शुरू हुआ आयोजन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** इस्लामिक नववर्ष के अवसर पर शहर के खैराबाद स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया में 'शोहदा-ए-इस्लाम जलसा' का शुभारंभ पहली मोहर्रम को हुआ। यह कार्यक्रम दस मोहर्रम तक चलेगा, जिसमें देश भर से इस्लामी विद्वान व व्याख्याकार शरीक होंगे। जलसा की अध्यक्षता मदरसे के नाज़िम-ए-आला मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मदरसे के एक छात्र द्वारा कुरआन की तिलावत से हुई। मुख्य अतिथि व वक्ता मुफ्ती अब्दुर रहमान मुरादाबादी ने इस्लाम के पहले खलीफा हजरत अबू बक्र सिद्दीक के जीवन, संघर्ष और उनके दौर की चुनौतियों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हजरत अबू बक्र ने पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से गहरी मुहब्बत रखते हुए, इस्लाम की बुनियाद को मज़बूती से संभाला और कई उभरते फितनों का बहादुरी से सामना किया। मुफ्ती अब्दुर रहमान ने कहा कि हजरत अबू बक्र सिद्दीक ने इस्लामी मूल्यों की रक्षा करते हुए साहसिक निर्णय लिए और इस्लाम के पहले दौर को स्थिरता प्रदान की। उन्होंने मुसलमानों से आह्वान किया कि इस्लाम के सही इतिहास, शहीदों और उनके बलिदानों को जानें और उन पर अमल करें। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी ने किया।


अमहट में मजलिस को संबोधित करते मौलाना। अमृत विचार

### इंसानियत का पैग़ाम दे हुसैन ने दुश्मनों को भी पानी पिलाया

**सुलतानपुर :** दो मोहर्रम के अवसर पर शहर के शिया बाहुल्य इलाकों में मजलिसों और मातम का सिलसिला जारी रहा। हुसैनिया नौतामीर अमहट में आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए ईरान से पधारे मौलाना सिब्तैन अब्बास कुम ने करबला के ऐतिहासिक प्रसंगों को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन का काफिला मदीना से रवाना होकर छह माह की यात्रा के बाद दो मोहर्रम सन 61 हिजरी को करबला पहुंचा। करबला की 18 किलोमीटर ज़मीन उन्होंने उस समय वहां बसने वाले बनी असद कबीले से खरीदी थी। लेकिन हुसैन ने ज़मीन वापस कर दी और कहा कि हमारी शहादत के बाद यहां रौज़े बनेंगे, जो भी ज़ियारत के लिए आए, उसे तीन दिन तक मेहमान रखा जाए। यहां हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान समेत अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षकों को बनना होगा नवाचार का वाहक

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** एस.के. प्रेसिडेंसी पब्लिक स्कूल, सुलतानपुर में शुक्रवार को "पैडागॉजीः शिक्षण की आधुनिक विधियां" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को शिक्षा के बदलते स्वरूप, नवाचार व नई शिक्षा नीति की मूल अवधारणाओं से अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एसपी सिंह, प्राचार्य, गवर्नमेंट टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सीतापुर उपस्थित रहे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि "आज का शिक्षक केवल विषयों का ज्ञाता नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत है।" उन्होंने बताया कि पैडागॉजी यानी शिक्षण पद्धति को समय के साथ अद्यतन करना आवश्यक है ताकि विद्यार्थी न केवल ज्ञान अर्जित करें, बल्कि उसे व्यवहार में उतार सकें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत समावेशी शिक्षा, छात्र-केंद्रित शिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण की भूमिका को रेखांकित किया।


कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। अमृत विचार

**▸▸ एसके प्रेसिडेंसी स्कूल में शिक्षण पद्धतियों पर कार्यशाला सम्पन्न, नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों को बनना होगा मार्गदर्शक व प्रेरक**

विद्यालय के प्रधानाचार्य शेषमणि मिश्रा ने कहा, "शिक्षा पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह बालक के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास का संपूर्ण माध्यम बननी चाहिए।" इस कार्यशाला में विद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक, फैकल्टी सदस्य व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# मौके पर जाकर शिकायतों का करें निस्तारण

## थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को दिया निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. एवं एसपी डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना शिवनगर डिड़ई में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

डीएम ने लोगों की शिकायतें सुनीं। ज्यादातर प्रकरण भूमि एवं नाली विवाद से संबंधित थे। डीएम ने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनकर सही ढंग से निस्तारित करायें।


थाना समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बांसी को अधिक विवादित प्रकरण में टीम गठित कर हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज कराये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहें।

### मानक के अनुरूप रखें ताजिया की ऊंचाई : डीएम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मोहर्रम, श्रावण मास तथा कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थानाक्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम हल्लौर, बदलिया मस्जिद चौखड़ा स्थित मन्दिर-मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। डीएम ने मोहर्रम के दृष्टिगरत थानाक्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम हल्लौर में स्थित इमामबाड़ा, जुलूस मार्ग, कर्बला स्थलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया तथा आपस में सौहार्द बनाये रखने व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि नई परम्परा न अपनायें। ताजिया की ऊंचाई मानक के अनुरूप रखें। डीएम ने साफ-सफाई व्यस्था कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया। ताजिया जुलूस, महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की ड्युटी लगाये जाने का निर्देश दिया।


गोरखनाथ मंदिर में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## गोरखनाथ मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरक्षनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी आचार्य नित्यानंद तिवारी व आचार्य नारायण मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### एक नजर

#### जंगल सिसवा रेगुलेटर में मिला युवक का शव

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के जंगल सिसवा रेगुलेटर के पास शनिवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव नहर में उतराता मिला। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कुबेरस्थान पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई है। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने नमूने इकट्ठे किए। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचित किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

#### अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ज्ञापन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा कल्याण परिषद संगठन ने सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर चल रहे ब्राह्मण समाज पर एवं ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर एसपी को ज्ञापन दिया और ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के उन अराजक तत्वों को जो सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के ऊपर टिप्पणी कर रहे हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष सुधीर पांडेय उर्फ फरसा बाबा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के साथ ही ऐसी सभी फेसबुक आईडी पर कार्रवाई की भी मांग की गयी हैं। इस दौरान अधिवक्ता बृजेश पांडेय, पशुपति, राज मंगल पांडेय, रामस्वरूप, वासुदेव, विनोद उपाध्याय, कृपा शंकर त्रिपाठी, विकास मिश्रा, पवन मिश्रा, चंद्रकांत दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


बुद्ध स्थली में चीवर चढ़ाकर विश्व शांति के लिए प्रार्थना करते बाल भिक्षु। अमृत विचार

### बुद्ध स्थली पहुंचे 70 सदस्यीय बाल भिक्षुओं ने की पूजा-अर्चना

**कुशीनगर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे बौद्ध श्रामणेर के दल ने बुद्ध का धम्म पाठ के साथ पूजन-अर्चन कर चीवर चढ़ाया और विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। शनिवार की सुबह 70 सदस्यीय बाल भिक्षुओं ने मुख्य मंदिर में तथागत का पूजन करने के पश्चात, माथा कुंवर मंदिर में जाकर दर्शन-पूजन किया। इसके बाद रामाभार स्तूप पहुंचे और धम्म चारिका की। नव बौद्ध मां सत्या हॉस्पिटल एंड एजुकेशन ट्रस्ट और सारिपुत्र बुद्ध विहार नोना नालंदा की पहल पर 15 दिवसीय श्रामणेर शिविर में भाग ले रहे हैं। सचिव भंते रूपेश ने बताया कि शिविर का उद्देश्य राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुम्बिनी, सारनाथ, बोधगया, महाबोधि महाविहार आदि बौद्ध तीर्थ स्थल पर जाकर ये बौद्ध भिक्षु विश्व कल्याण की कामना की लिए चारिका कर रहे हैं। उपासक ओमप्रकाश कुशवाहा, डॉ राजकुमार त्यागी, अंबिकेश त्रिपाठी, टीके राय, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव आदि ने भिक्षुओं को फल, पानी, ठंडा, खाद्य आदि दान किया। इस दौरान पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, भंते अशोक, भंते डॉ नंद रतन महाथेरो, भंते विनयकीर्ति, भंते उपाली, भंते यशपाल सहित भिक्षु मौजूद रहे।

# पात्रों को समय से मिले योजनाओं का लाभ : डीएम

### चौपाल

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचारः** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने शनिवार को पडरौना विकास खंड के पचरूखिया में चौपाल का आयोजन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


चौपाल के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, वृद्धा पेंशन, चकरोड व सड़क निर्माण जैसी योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान कई ग्रामीणों ने पेंशन में अनियमितता, आवास अधूरे होने और सड़क निर्माण में देरी जैसे मुद्दे उठाए। जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल

### सपा का प्रदर्शन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। पूरे प्रदेश में अपराध एवं अपराधियों का बोलबाला है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उपरोक्त विचार सपा विधायक डुमरियागंज सैयदा खातून एवं जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने शनिवार को व्यक्त किये। वह नेता प्रतिपक्ष पर गोरखपुर में हुए हमले के विरोध में आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। सपाइयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। दोनों नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों विरासत गलियारे के नाम पर उत्पीड़न का शिकार हुए व्यापारियों से मिलने जा रहे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय एवं विधान परिषद नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव पर सत्ता संरक्षित गुंडों ने हमला कर दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक विजय पासवान, अजय चैधरी, जोखन चैधरी, सुनीता गोस्वामी, जुबैदा चैधरी, नागेन्द्र नाथ चैबे, हरीराम यादव, जमील सिद्दीकी अंगद यादव, रामू यादव, सुधा त्रिपाठी, विकास यादव, दीपक कुमार, अब्दुल कलाम सिददीकी, रामसेवक लोधी, शैलेन्द्र शर्मा, रिन्धू पासवान आदि समेत दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सभी के सहयोग से सफल होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** स्थानीय बीआरसी पर शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता के लिए बीईओ खुनियांव महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इसमें एक जुलाई से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता की रणनीति तय की गई। सीएचसी के एचईओ एकेचौधरी ने कहा कि आगामी एक जुलाई से उक्त अभियान शुरू होगा। जिसमें आप सभी शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में इस बीमारी के वायरस ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं।

# डीएम ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचारः** स्माइल योजना अंतर्गत आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के साथ मुख्य विकास अधिकारी एवं उम्मीद एनजीओ के सभी सदस्यों की उपस्थिति में जलकल भवन में स्थित रैन बसेरा भवन का निरीक्षण किया गया।

स्माइल योजना अंतर्गत जनपद में भिक्षा वृत्ति करने वाले लोगों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 370 लोगों को चिह्नित किया गया तथा इन चिह्नित लोगों को तीन स्थानों पर जहां भी बहुतायत में रह रहे हैं, उन्हें उसी स्थान पर उन लोगों की काउंसिलिंग कर उनके बच्चों को वहीं पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है 50 से 100 की संख्या में शेल्टर होम में रखकर उन्हें उनकी क्षमता अनुसार प्रशिक्षण देकर तथा उनके बच्चों को नजदीकी विद्यालय में पंजीकरण करा कर पढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त संस्था को सभी कार्य करने का निर्देश दिया गया जिससे स्माइल योजना अंतर्गत चिह्नित भिक्षु एवं उनके परिवार की स्थिति में सुधार की कार्यवाही शुरू की जा सके।

### सार-संक्षेप

#### टेल तक पानी न पहुंचने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कसया तहसील क्षेत्र के मधुरिया रजबहा में पानी की मांग को लेकर किसानों ने रालोद के प्रदेश सचिव और किसान नेता सिया शरण पाण्डेय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और नहर में टेल तक पानी दिए जाने की मांग की। शनिवार की सुबह धुनवलिया, मधुरिया, सरैया महंथ पट्टी, जोकवा, कोटवा करजहि, बेइली, अमवा श्री दूबे सहित विभिन्न गांवों के किसानों ने नेशनल हाईवे के समीप मधुरिया रजबहा पर प्रदर्शन किया। किसान नेता पांडेय ने कहा कि इस नहर से दर्जनों गांवों के किसानों की खेती की सिंचाई होती है। लेकिन पानी न आने से धान की रोपाई में किसानों को काफी दिक्कत हो रही है। किसान धान की रोपाई के लिए पंपिंग सेट से तीन सौ रुपए घंटा पानी खेत में चलवा रहा है जिससे किसानों की आर्थिक हालत बिगड़ रही है। अगर नहर में पानी नहीं आया तो किसान आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान अवधेश सिंह, अशोक सिंह, राजेश श्रीवास्तव, राम प्रवेश तिवारी, ग्राम प्रधान अमेरिका प्रसाद गोंड, प्रमोद मिश्रा, निलेश मिश्रा ओम प्रकाश मिश्रा, रविन्द्र पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

#### एसोसिएशन के आह्वान पर बंद रहीं उर्वरक की दुकानें

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** फुटकर दुकानदारों से निर्धारित दर से अधिक दाम लेने के विरोध में शनिवार को उर्वरक की दुकानें बंद रहीं। बंदी की घोषणा शनिवार को फुटकर उर्वरक विक्रेता वेलफेयर एसोसिएसन के आह्वान ओर से किया गया था। बंदी की सफलता पर एसोसिएशन के अध्यक्ष आदर्श श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूरिया और डीएपी की कंपनिया मनमाने ढंग से खाद दे रही हैं। उन्होंने कहा कि होलसेल व्यापारियों से यूरिया खरीद लगभग 300 रुपए पड़ जाती है डीएपी 1400 के आस पास पड़ जाती है। जबाकी कि इसे किसानों को 266 .50 और डीएपी 1350 ही देना रहता है। इसी कारण आज व्यापारियों ने एक दिन के इस आह्वान पर अपनी दुकानें बंद दिखीं। संगठन अध्यक्ष आदर्श श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर ओवररेटिंग पर रोक नहीं लगायी जाती है तो आगे भी शिकायत की जाएगी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष ओमकार त्रिपाठी, महासचिव नीरज कुमार वर्मा एवं बड़ी संख्या में उर्वरक दुकानों के संचालक मौजूद रहे।

#### महापौर व नगर आयुक्त ने किया गौशाला का निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार :** महापौर व नगर आयुक्त द्वारा शनिवार को फर्टिलाइजर परिसर स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण किया गया। महापौर व नगर आयुक्त द्वारा पशु कल्याण अधिकारी को परिसर में छायादार वृक्ष, बाउंड्रीवॉल की मरम्मत व भूसा गोदाम का शेड सही करने, एण्टीबर्ड नेट, प्याऊ सुविधा, व गौवंशसं को हरा चारा, भूसा व चिकित्सा की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित कराने को निर्देशित किया। नगर आयुक्त ने पशु कल्याण अधिकारी को प्रतिदिन फर्टिलाइजर स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके बाद महापौर व नगर आयुक्त द्वारा कान्हा उपवन गौशाला महेवा का निरीक्षण किया गया। महापौर व नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान कान्हा उपवन गौशाला महेवा परिसर में स्थित पानी की टंकी व परिसर को पेंटिग कराने के साथ गौशाला परिसर में छायादार वृक्षारोपण सीमेन्ट ट्री-गार्ड के साथ कराने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त गौवंशो को हीटवेव से बचाव के उपाय कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कार्यालय के सामने सड़क का आरसीसी निर्माण, पार्क का सौन्दर्यीकरण व तालाब का जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिये गये।

#### महाराणा प्रताप के विश्वस्त सहयोगी थे भामाशाह

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भामाशाह की जयन्ती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा व्यापारियों को सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, डीएम डॉ. राजागणपति आर., सीडीओ बलराम सिंह के साथ अम्बेडकर सभागार में देखा गया। बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि दानवीर भामाशाह महाराणा प्रताप के बाल्यकाल के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि 2014 के बाद देश की अर्थव्यवस्था एवं 2017 के बाद प्रदेश की अर्थव्यवस्था में काफी परिवर्तन हुआ है। डीएम ने कहा कि व्यापारी कल्याण दिवस पर अधिक कर जमा करने वाले व्यापारियों एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को उद्योग स्थापित करने हेतु 05 लाख का चेक देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर अधिक कर जमा करने वाले एसपी आटोमोबाइल्स, बीके आटो सेल्स, ओमप्रकाश चौधरी, सुनील कुमार को प्रमाण-पत्र एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के निर्मला, मो. वजीर एवं हर्ष कसौधन को 05 लाख का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त सांसद प्रतिनिधि, उपायुक्त राज्यकर सिद्धार्थ सौरभ बन्धु, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह, व व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

#### प्रेस क्लब कार्यकारिणी ने तैयार किया प्रारूप

**गोरखपुर अमृत विचार :** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सदस्यों से संबंधित समग्र सूचनाओं की उपलब्धता न होने की दशा में वर्तमान कार्यकारिणी ने एक प्रारूप तैयार किया है। इस प्रारूप में प्राप्त सूचनाओं का उपयोग सदस्यों के लिए प्रेस क्लब का परिचय पत्र बनवाने में भी किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सदस्य 28 जून से प्रेस क्लब कार्यालय में उपलब्ध होने वाले इस प्रारूप को सूचनाओं से पूरित संलग्नक के साथ 12 जुलाई तक प्रेस क्लब कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

# जनसहयोग से ही सफल होगा पौधरोपण अभियान

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोहिया कलाभवन में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक हुई।

डीएम ने कहा कि 01 से 07 जुलाई के बीच वृक्षारोपण का कार्यक्रम होना है। जनपद में 251 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 291 किमी में नहरों के किनारे वृक्षारोपण किया जाना है। निर्धारित तिथि पर एक साथ नहरो/नदियों के किनारे एक दिन में वृक्षारोपण कराया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आप लोगो का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से अपील करते करते हुए कहा कि अगले 03 दिन में वृक्षारोपण हेतु निर्धारित स्थल पर गड्ढा खोदवाकर तैयार करा लें। जन सहयोग से इस कार्यक्रम को पूर्ण कराया जायेगा। सभी लोग मिलकर कार्य करेंगे तभी वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफल होगा। वृक्षारोपण विशेष रूप से ग्राम प्रधान विकास विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी खण्ड विकास अधिकारी की देखरेख में किया जाएगा। इस मौके पर डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन प्रधानों ने वीडीओ पर लगाया आरोप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के तीन प्रधानों ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर विकास कार्यों को लटकाने, अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। शिकायत उटिया के प्रधान ओंकार, लक्षनपुर की प्रधान माधुरी और सुगही की प्रधान सुजाता के संयुक्त हस्ताक्षर से की गई है। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी के बीच मनरेगा, हैंडपंप रिबोर के कार्यों में कमीशन को लेकर तू-तू, मैं-मैं हुई। इसका ऑडियो भी वायरल हो रहा है। बीडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि उन्हें ऑडियो अभी नहीं मिला, उसे सुनने के बाद जांच की जाएगी। अगर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष ट्रेन का संचालन 2 जुलाई से

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 04137/04138 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 02 जुलाई से 28 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को ग्वालियर से एवं 03 जुलाई से 29 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को बरौनी से 52 फेरों के लिए किया जायेगा।

04137 ग्वालियर-बरौनी द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 02 जुलाई से 28 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को ग्वालियर से 07.10 बजे प्रस्थान कर डबरा से 07.48 बजे, दतिया से 08.17 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 09.20 बजे, मोठ से 10.52 बजे, ऐट से 11.22 बजे, उरई से 11.45 बजे, कालपी से 12.27 बजे, पोखरायां से 12.52 बजे, गोविन्दपुरी से 15.25 बजे, फतेहपुर से 16.22 बजे, प्रयागराज जं. से 18.10 बजे, ज्ञानपुर रोड से 19.15 बजे, बनारस से 20.30 बजे, वाराणसी जं. से 20.50 बजे, औड़िहार से 21.50 बजे, गाजीपुर सिटी से 22.50 बजे, दूसरे दिन बलिया से 00.10 बजे, सुरेमनपुर से 01.32 बजे, छपरा से 04.50 बजे, हाजीपुर से 06.05 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 06.47 बजे छूटकर बरौनी 08.00 पहुंचेगी। वापसी में 04138 बरौनी-ग्वालियर द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 03 जुलाई से 29 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को बरौनी से 09.45 बजे प्रस्थान कर शाहपुर पटोरी से 10.42 बजे, हाजीपुर से 11.40 बजे, छपरा से 14.05 बजे, सुरेमनपुर से 15.55 बजे, बलिया से 17.05 बजे, गाजीपुर सिटी से 18.15 बजे, औड़िहार से 19.20 बजे, वाराणसी जं. से 20.40 बजे, बनारस से 21.05 बजे, ज्ञानपुर रोड से 22.32 बजे, प्रयागराज जं. से 23.40 बजे, दूसरे दिन फतेहपुर से 00.50 बजे, गोविन्दपुरी से 02.55 बजे, पोखरायां से 04.35 बजे, कालपी से 04.51 बजे, ऊरई से 05.18 बजे, ऐट से 05.39 बजे, मोठ से 06.05 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 07.50 बजे, दतिया से 08.14 बजे, डाबरा से 08.42 बजे छूटकर ग्वालियर 10.20 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 20 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### निर्देश

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# रेल राजस्व बढ़ाने का करें प्रयास : जायसवाल

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में 27 जून को वाणिज्य विभाग, गोरखपुर में लखनऊ, इज्जतनगर एवं वाराणसी मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धकों एवं मुख्यालय के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ मालभाड़ा यातायात में वृद्धि, मालगोदाम में सुधार एवं उन्नयन तथा रेल राजस्व बढ़ाने हेतु समीक्षा बैठक हुई।

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल ने कहा कि मालभाड़ा यातायात में वृद्धि, व्यापारियों से समन्वय कर रेल राजस्व बढ़ाने का प्रयास करें। जायसवाल ने ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए नियमित रूप से टिकट जांच की जाये। बैठक में मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक यात्री सेवाएं विजय कुमार, मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/मालभाड़ा अनिल कुमार, उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक मालभाड़ा सुमित कुमार, उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक यात्री सेवाएं अमित कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक इज्जतनगर संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/लखनऊ आशुतोष गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/वाराणसी शेख रहमान, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक, टिकट जांच पवन कुमार मिश्र, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक, सामान्य प्रशान्त कुमार, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक मालभाड़ा आलोक कुमार श्रीवास्तव, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/कोर्ट अमरेश्वर निधान त्रिपाठी, सचिव प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक राजशेखर मिश्रा तथा सहायक वाणिज्य प्रबन्धक यात्री सेवाएं प्रशान्त मिश्र उपस्थित थे। मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक यात्री सेवाएं विजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।


बैठक को सम्बोधित करते प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक। अमृत विचार

# इटावा प्रकरण को लेकर दो व्यक्तियों से मारपीट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचारः** इटावा में कथावाचक कांड को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही क्रिया प्रतिक्रिया के दौरान जिले में एक समाज विशेष के अपमान को लेकर कुछ लोगों ने दो व्यक्तियों को पीट दिया। शुक्रवार को घटी इस घटना के बाद से पीड़ित पक्ष के शेषमणि प्रजापति एडवोकेट सदर कोतवाली में मुकदमा लिखाने के लिए बैठे थे, मगर मुकदमा नहीं लिखा जा रहा है। इस मुद्दे पर सपा ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग भी की।

न्यायालय परिसर में शुक्रवार की सुबह कुछ लोग अधिवक्ता शेषमणि प्रजापति के पास आये और सोशल मीडिया पर राजेश यादव सनई द्वारा इटावा प्रकरण पर लिखे एक स्टेटस पर सहमति की प्रतिक्रिया को एक जाति विशेष का अपमान बताने लगे। लोगों ने अधिवक्ता शेषमणि प्रजापति को कथित तौर पर पीट दिया। उन्होंने बताया कि वे सदर कोतवाली पर तहरीर लेकर आये हैं। कोतवाल ने उनकी तहरीर जांच के लिए रख लिया है। उनका चिकित्सीय परीक्षण नहीं कराया न ही मुकदमा लिखा गया। पता चला है कि राजेश यादव ने अपने स्टेटस को लेकर माफी मांग कर इस विवाद को अपनी तरफ से समाप्त कर दिया है। बहरहाल इस घटना की जिले भर में चर्चा हो रही है।

# प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर



ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

**पुरी रथ यात्रा**

- मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ

पुरी, एजेंसी

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

### 10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## एक नजर

### छह महीने के बेटे की हत्या में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले में 25 वर्षीय महिला को छह महीने के अपने बेटे की हत्या और उसका शव सेप्टिक टैंक में फेंकने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिले के कल्याणी थानाक्षेत्र में हुई। महिला ने शुक्रवार शाम को बेटे के लापता होने की बात कही, जिसके बाद परिवार और पड़ोसियों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पूछताछ में महिला ने बेटे की हत्या करना स्वीकार किया।

### मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विभिन्न अभियान के तहत छह सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये लोग निजी व्यवसायों और जनता को निशाना बनाकर वसूली में शामिल थे। पुलिस ने चिंगारेल तेजपुर से एक, वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल से दो व थांगमेइबैंड थिंगेल लेईकाई से तीन माओवादियों को पकड़ा।

### बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

# देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

गोधरा, एजेंसी



- वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

# समन जारी करने का आदेश सोच-समझकर दें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, समन जारी करना गंभीर मुद्दा है और यह अनिवार्य है कि समन जारी करने के आदेश में यह नजर आए कि विवेक का इस्तेमाल किया गया तथा तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों को परखा गया है।

# बिहार में ईसी ने मतदाता सूची का शुरू किया गहन पुनरीक्षण

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। ईसी ने उस संवैधानिक प्रावधान की भी याद दिलाई, जिसके तहत केवल भारतीय नागरिक ही मतदान कर सकते हैं।

निर्वाचन निकाय ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता निर्दिष्ट की गई है, जिसके आधार पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय तथा उस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन अधिकारी इस वर्ष बिहार से शुरुआत करते हुए छह राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके प्रवासियों को बाहर निकालना है। बिहार में विस चुनाव होने हैं, जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव 2026 में होने हैं। आयोग के पास 78 हजार बीएलओ हैं और नए केंद्रों के लिए 20 हजार बीएलओ की नियुक्ति हुई है।

# निजी निवेश सुस्त, सरकार की नीतियों का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार के कराए सर्वेक्षण से मिले संकेतों का हवाला देते हुए जयराम ने किया सरकार का घेराव

कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रही और निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि निवेश में यह जड़ता मोदी सरकार की दबाव वाली नीतियों का परिणाम है।

रमेश ने एक्स पर कहा, भारत की अर्थव्यवस्था जिद पर अड़ी है, वह आगे बढ़ने का नाम ही नहीं ले रही, जबकि तेज आर्थिक वृद्धि न सिर्फ जरूरी है, बल्कि संभव भी है। इस विफलता की सबसे अहम वजह है कि सितंबर 2019 में बड़ी कर कटौती और पीएलआई कैश हैंडआउट के बावजूद निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कराए सर्वेक्षण में संकेत दिया गया है कि 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय गत वर्ष की तुलना में 25% तक कम हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक कर्ज देने को तैयार हैं, लेकिन कंपनियां निवेश के लिए कर्ज लेने से हिचक रही हैं, क्योंकि मौजूदा माहौल को विस्तार के अनुकूल नहीं माना जा रहा। मांग में वृद्धि ही निवेश को बढ़ावा देती है। भारत में मांग की कमी के तीन स्पष्ट कारण हैं -मजदूरी में ठहराव, विकृत जीएसटी ढांचा और बढ़ती आर्थिक असमानता।

### मुद्दों से भटकाने को भाषा विवाद भड़काया : चव्हाण

**मुंबई।** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने आरोप लगाया है कि मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महाराष्ट्र में हिंदी भाषा थोपने को लेकर विवाद भड़काया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। शिक्षा के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती का दावा करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और शैक्षणिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। चव्हाण ने कोल्हापुर में कहा, शिक्षा पर बजटीय आवंटन बढ़ाना चाहिए। अंग्रेजी और हिंदी थोपने पर विवाद अप्रासंगिक हैं और मूल मुद्दों से हटाने को ऐसा हो रहा है।

## कारोबार/कृषि

# किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

## कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

# बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

# हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ



बात काम की

हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।

### क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

### निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

### जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

### जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

# कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी



विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

# जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

# 25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

# एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

**बर्मिंघम, एजेंसी**

| | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली पारी | 20 | 128 | 3 |
| दूसरी पारी | 15 | 92 | 2 |

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में शृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।




प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं। हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

### अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

### अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन

**सिडनी, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की शृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर शृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

### रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता लाऊं

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को यह पद छोड़ना पड़ा। नायर ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में अहम भूमिका निभाएगा।



नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करती भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 211 रनों का लक्ष्य

**नॉटिंघम, एजेंसी**

कप्तान स्मृति मंधाना (112) और हरलीन देओल (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 77 रन जोड़े। नौवें ओवर में एमिली आरलट ने शेफाली वर्मा (20) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 94रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल ने हरलीन देओल को आउटकर इंग्लैंड के लिए दूसरा विकेट लिया। हरलीन देओल ने 23 गेंदों में सात चौकों की मदद से (43) रन बनाये। ऋचा घोष (तीन) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (शून्य) लॉरेन बेल का शिकार बनी। 20वें ओवर में भारत का पांचवां विकेट स्मृति मंधाना के रूप में गिरा। मंधाना ने 62 गेदों में 15 चौके और तीन छक्कों की मदद से (112) रनों की पारी खेली। भारतीय महिला टीम ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

**भारत**

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट | 20 |
| स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन | 112 |
| हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल | 43 |
| रिचा घोष का डंकले बो बेल | 12 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल | 00 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 03 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

### एक नजर



म्यांमार के यांगून में शनिवार को म्यांमार कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका) :** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारुनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

### दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में पहुंची

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

**चियांग माइ (थाईलैंड) :** एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

● **जोश हेजलवुड ने पांच विकेट विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ी**

**ब्रिजटाउन, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63)और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढत मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाए थे। तीन टेस्ट की शृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जाएगा।

### इंडिया ओपन एथलेटिक मीट



बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया जयसूर्या ने लिए पांच विकेट

**कोलंबो :** बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट की मदद से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को एक पारी और 78 रन से हराकर दो मैचों की शृंखला 1-0 से जीत ली। चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिये भेजने के लिए 97 रन और बनाने थे । लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिये जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर आउट हो गई जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाये थे । श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्धशतक शामिल हैं। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा कि वह टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा देंगे ताकि विभिन्न प्रारूपों में कप्तानी में निरंतरता रहे।

# भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

**कोलंबो, एजेंसी :** कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।



● **मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी**

# भारतीय महिला टीम का खराब प्रदर्शन जारी

**बर्लिन, एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

● **चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को लगातार सातवीं हार मिली**

भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वे पुश को रोक नहीं पाए।

# सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

**नॉटिंघम, एजेंसी**



● **भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य**

● **पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा**

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है । मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी । मैने हर मैच फिर से देखा । उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी । आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा । इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली । समय बहुत कुछ सिखाता है । मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर

**लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।



## स्कार्लेट सेल्स उत्सव



द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम-13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

## तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।



### हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

### सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

### क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड ) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

### साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

## एक नजर

### रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**मॉस्को।** रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक-18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

### लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

**मुंबई।** मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

# ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

## अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।



इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे**

**दुबई।** इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

## गाजा में इजराइली हमलों से 60 लोगों की मौत

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

### गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

## कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

## कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

कोलकाता, एजेंसी

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

इटली, एजेंसी



- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी । उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

## केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

**मुंबई।** चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बिना कोई विशेष विवरण दिए बताया कि विमान सुरक्षित तरीके से मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि मुंबई में हवाई अड्डे पर उसके कर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

भव्य

अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

# जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

वेनिस, एजेंसी



दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।

सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

### आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।